दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



हैरान करती अमेजिंग...... | फल सब्जियों के रंग........

वर्ष : 11 | अंक : 219 | लखनऊ, 26 जुलाई, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए : पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टारमर को एक स्पष्ट संदेश देते हुए उनसे कट्टरपंथी विचारधारा के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया, जो ₹लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग₹ करती है। यह बयान ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के बढ़ते प्रभाव के बीच आया है। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद लंदन में बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए हम प्रधानमंत्री स्टारमर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हम इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंड की कोई जगह नहीं है।

पीएम मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष केअर स्टार्मर के साथ वार्ता के बाद यह बात कही। मोदी ने यह भी कहा कि भारत और ब्रिटेन दोनों इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।

उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए ब्रिटिश सरकार को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि चरमपंथी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। जो लोग लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों खासकर मार्च 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के बाद भारत में चिंताएं बढ़ रही हैं।

भारत, ब्रिटेन की धरती पर खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों को लेकर ब्रिटेन के समक्ष अपनी चिंताओं से अवगत कराता रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चरमपंथी तत्वों की गतिविधियों पर ब्रिटेन के साथ भारत के विचार मिलते हैं। उन्होंने कहा, हमने इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि वे उत्तरोत्तर सक्रिय हो रहे हैं तथा अतीत में और अब भी हमारे राजनयिक मिशन एवं कर्मियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं, वे हमारे नेताओं और राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। मिसरी ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर भारत को ब्रिटेन से सहयोग मिला है। मोदी ने आतंकवाद की चुनौती का दृढ़ता से मुकाबला करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, हम पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा के लिए प्रधानमंत्री स्टार्मर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हम इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। समझा जा रहा है कि बातचीत में भारत की सीमा पार आतंकवाद की चुनौती पर भी चर्चा हुई। मिसरी ने कहा कि मोदी और स्टार्मर ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह बात रेखांकित की गई कि चरमपंथ और कट्टरपंथ दोनों समाज के लिए खतरा हैं तथा आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ की बुराइयों से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग एवं समन्वय को और बढ़ाने की आवश्यकता है। मोदी और स्टार्मर के बीच बातचीत मुख्यतः व्यापार, निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, शिक्षा और स्वच्छ प्रौद्योगिकी समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही।

## मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ा राष्ट्रपति शासन, संसद में प्रस्ताव को मंजूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में पेश किए गए एक प्रस्ताव के बाद, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी गई है। यह विस्तार 13 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। आधिकारिक सूचना के अनुसार, यह सदन राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 के अंतर्गत मणिपुर के संबंध में 13 फरवरी, 2025 को जारी की गई उद्घोषणा को 13 अगस्त, 2025 से छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए लागू रखने का अनुमोदन करता है।

मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था, पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के तुरंत बाद, जिसका मुख्य कारण मैतेई समुदाय से संबंधित साथी भाजपा विधायकों द्वारा बढ़ते राजनीतिक दबाव था, जो उनके नेतृत्व का विरोध कर रहे थे। राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का यह कदम सत्तारूढ़ एनडीए के मीतेई और नागा विधायकों द्वारा राज्य में निर्वाचित सरकार की बहाली के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों के बीच उठाया गया है।

संविधान के अनुच्छेद 356(3) के तहत, राष्ट्रपति शासन राज्यपाल के कार्यालय के माध्यम से लागू किया जाता है, जो आमतौर पर छह महीने तक चलता है और संसद की मंजूरी से हर छह महीने में अधिकतम तीन साल की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। इस बीच, 3 मई, 2023 को कुकी-जो और मैतेई समुदायों के बीच छिड़े जातीय संघर्ष में 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 60,000 से ज्यादा लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। एक अलग घटना में, सुरक्षा बलों ने गुरुवार को इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, तेंगनौपाल और चंदेल ज़िलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

## मुर्मू के राष्ट्रपति कार्यकाल के तीसरे साल में वैश्विक संबंध मजबूत हुए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के तीसरे वर्ष में विभिन्न देशों की यात्रा कर वैश्विक संबंध मजबूत करने से लेकर पूरे राष्ट्रपति भवन परिसर को दिव्यांगजनों के लिए सुलभ बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुर्मू (67) ने 25 जुलाई 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। शुक्रवार को उनके कार्यकाल के तीन साल पूरे हो रहे हैं। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा, विभिन्न सुविधाएं स्थापित करके राष्ट्रपति भवन को दिव्यांगजनों के लिए अधिक सुलभ बनाया गया है। अमृत उद्यान और राष्ट्रपति संग्रहालय को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति विभिन्न पहल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा दे रही हैं, जिसमें पर्पल फेस्ट (विविधता का जश्न मनाने वाला कार्यक्रम) और दिव्यांगजनों को राष्ट्रपति भवन और उसके अमृत उद्यान में आमंत्रित करना शामिल है। गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रपति की वेबसाइट भी अब 22 भाषाओं में उपलब्ध है।

## चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोपों पर भड़के सुधांशु त्रिवेदी

**आपातकाल के 50 साल बाद भी नहीं बदली मानसिकता**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक संस्थाओं को चुनाव जीते या नहीं के आधार पर मान्यता देने की उनकी मानसिकता को दर्शाता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने के फैसले का जिक्र करते हुए, जिसने संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को काफी सीमित कर दिया था, सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता नहीं बदली है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनावों के मामले में, कांग्रेस, इंडिया गठबंधन और खासकर राहुल गांधी बेतुके आरोप लगा रहे हैं। यह उस मानसिकता को दर्शाता है कि आपातकाल के 50 साल बाद भी मानसिकता नहीं बदली है। अगर इंदिरा जी कहती थीं कि संवैधानिक संस्थाओं की मान्यता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीती हैं या नहीं, तो आज राहुल गांधी कहते हैं कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीते हैं या नहीं।

त्रिवेदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोपों की कड़ी आलोचना की और कहा कि उनके अपने पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और महाराष्ट्र के प्रभारी (2018-2024), आशीष दुआ, कुछ और ही लिखते हैं। भाजपा नेता ने वार करते हुए कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों पर क्या-क्या कहा था। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एक पूर्व सचिव, जो 2018 से 2024 तक महाराष्ट्र के प्रभारी रहे, ने महाराष्ट्र में हार का विश्लेषण करते हुए एक लेख में लिखा था कि वे किसी और को दोष नहीं दे सकते, वे कांग्रेस पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन की कमियों के कारण महाराष्ट्र हार गए। त्रिवेदी की यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा गुरुवार को चुनाव आयोग को दी गई चेतावनी के बाद आई है कि विपक्ष उन्हें बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से नहीं बचने देगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने गुरुवार को लोकसभा स्थगित होने के तुरंत बाद संसद के बाहर संवाददाताओं से कहा, मैं चुनाव आयोग को संदेश देना चाहता हूं: यदि आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, यदि आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे इससे बच निकलेंगे, तो आप गलत हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

### डीआरडीओ ने ड्रोन से दागे जाने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली एक मिसाइल का आंध्र प्रदेश में एक परीक्षण स्थल पर सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि यह परीक्षण कुरनूल में किया गया। सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ह्यह्यभारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ी मजबूती देते हुए, डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित नेशनल ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) में मानवरहित यान से दागे जाने वाली सटीक मारक क्षमता वाली मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफल परीक्षण किया।

### मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी, लोगों को घर के अंदर रहने की सलाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मुंबई के निवासियों की शुक्रवार सुबह मूसलाधार बारिश के साथ नींद खुली, शहर के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) ने मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें आगे और तेज बारिश की चेतावनी दी गई है। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को मुंबई और आसपास के जिलों के निवासियों को शहर में भारी बारिश के कारण घर के अंदर रहने और तटीय क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी। मुंबई पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मुंबई और आसपास के ज़िलों में भारी बारिश के कारण, नागरिकों को सलाह दी जाती है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, घर के अंदर ही रहें, तटीय इलाकों से बचें और सावधानी से गाड़ी चलाएँ।

## जाति जनगणना अब राहुल का 'मिशन', कांग्रेस शासन में हुई गलती को सुधारूंगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली में कांग्रेस के 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मैं 2004 से राजनीति में हूं। जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने गलती की। मैंने ओबीसी की उस तरह रक्षा नहीं की जैसी मुझे करनी चाहिए थी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैं उस समय आपके मुद्दों को गहराई से नहीं समझ पाया। उन्होंने कहा कि मुझे अफसोस है कि अगर मुझे आपके (ओबीसी) इतिहास, आपके मुद्दों के बारे में थोड़ा भी पता होता, तो मैं उसी समय जाति जनगणना करा लेता। यह मुझसे हुई गलती है। यह कांग्रेस पार्टी की गलती नहीं है, यह मेरी गलती है। मैं उस गलती को सुधारने जा रहा हूं।

राहुल गांधी ने कहा कि मैं अपने काम के बारे में सोचता हूं कि मैंने कहां ठीक काम किया और कहां कमी रह गई, तो मुझे 2-3 बातें दिखती हैं। जमीन अधिग्रहण बिल, मनरेगा, भोजन का अधिकार, ट्राइबल बिल, नियामगिरी की लड़ाई, ये सारे काम मैंने ठीक किए। जहां तक आदिवासियों, दलितों, महिलाओं के मुद्दे हैं, वहां मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए। मैंने अच्छा काम किया। कांग्रेस पार्टी और मेरे काम में एक कमी रह गई- मुझे डइउ वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की। इसका कारण है कि मुझे डइउ के मुद्दे उस वक्त गहराई से नहीं समझ आए थे। 10-15 साल पहले दलितों के सामने जो कठिनाईयां थीं, वो मुझे समझ आ गई थीं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उनके मुद्दे सामने हैं, वो आसानी से समझ आ जाते हैं, लेकिन डइउ की मुश्किलें छुपी रहती हैं। मुझे अगर आपके मुद्दों और परेशानियों के बारे में उस वक्त पता होता तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता। वो मेरी गलती है, जिसे मैं ठीक करने जा रहा हूं। ये एक तरह से अच्छा ही हुआ, क्योंकि अगर उस समय मैंने जातिगत जनगणना करवा दी होती, तो वो आज जैसी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि देश में दलित, पिछड़ा, आदिवासी, अल्पसंख्यक वर्ग की आबादी कुल मिलाकर करीब 90% है। लेकिन जब बजट बनने के बाद हलवा बांटा जा रहा था, तो वहां 90% की आबादी का कोई नहीं था। देश की 90% की आबादी ही प्रोडक्टिव फोर्स है। हलवा बनाने वाले लोग आप हैं, लेकिन हलवा वो खा रहे हैं। हम ये नहीं कह रहे कि वो हलवा न खाएं, लेकिन कम से कम आपको भी तो मिले। उन्होंने कहा कि आप मेरी बहन प्रियंका से पूछिएगा कि अगर राहुल ने किसी काम के लिए मन बना लिया तो उस बात को वो छोड़ेगा या नहीं? मैं नहीं छोड़ने वाला।

## झारखंड में अटल क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा किया

**भाजपा ने हेमंत सरकार को घेरा, बताया ध्रुवीकरण का खेल**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, झारखंड सरकार द्वारा राज्य में अटल मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ क्लीनिक करने के फैसले पर भारी विवाद छिड़ गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसे वोट बैंक की राजनीति के लिए किया गया कदम बताया है। राज्य में लगभग 140 अटल मोहल्ला क्लीनिक सक्रिय हैं और ये लोगों को मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये क्लीनिक पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए थे, और अब झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने इनका नाम बदल दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि कैबिनेट ने अटल मोहल्ला क्लिनिक योजना का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ क्लिनिक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने अगस्त 2019 में राज्य की शहरी मलिन बस्तियों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करने के लिए शुरू की थी।

## संसद में गतिरोध समाप्त होने के आसार

**ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच बनी सहमति**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, संसद में गतिरोध खत्म होने के आसार हैं क्योंकि सरकार ने शुक्रवार को भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सोमवार से विशेष बहस कराने पर सहमति जताई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सदन के कामकाज पर चर्चा के लिए सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाए जाने के बाद यह सहमति बनी। बैठक में आम सहमति बनाने के प्रयास जारी थे। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे।

विपक्ष ने विशेष चर्चा की मांग की थी, न कि नियम 193 के तहत, क्योंकि नियम 193 के तहत चर्चा का मतलब होगा कि सरकार ने प्रस्ताव पेश किया है और दिखाया है कि उसने ऑपरेशन का जश्न मनाया है। सूत्रों के अनुसार, नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों और उनके महाभियोग पर भी चर्चा की। सूत्रों ने यह भी बताया कि बैठक के दौरान राहुल गांधी ने यह भी पूछा कि चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कब होगी।

इससे पहले, आज खड़गे बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के सांसदों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। यह विरोध प्रदर्शन, जो लगातार पाँचवें दिन संसद के मकर द्वार पर आयोजित किया गया था। राहुल गांधी और पार्टी नेता प्रियंका गांधी समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सांसदों ने दिन के सत्र की शुरूआत से पहले संसद परिसर स्थित गांधी प्रतिमा से मार्च निकाला और कई पोस्टर और एक बड़ा बैनर लिए हुए थे, जिस पर लिखा था, श्रीमान- लोकतंत्र पर हमला।

## सभी को जागृत करने के लिए एक और भाषा आंदोलन की आवश्यकता : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बंगाली भाषा को लेकर उठे विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक और भाषा आंदोलन का आह्वान किया और आरोप लगाया कि कई स्थानों पर बंगाली बोलने के लिए लोगों को परेशान किया जा रहा है। 'महानायक सम्मान' पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सभी को जागृत करने के लिए एक और भाषा आंदोलन की आवश्यकता है। कई जगहों पर बंगाली बोलने के कारण लोगों को परेशान किया जा रहा है। बंगाली दुनिया में पाँचवीं सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और एशिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। लगभग 30 करोड़ लोग बंगाली बोलते हैं और आज बंगाली बोलने वालों को जेल भेजा जा रहा है।

व्यापक जनभागीदारी का आान करते हुए, उन्होंने जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकती, और मेरा मानना है कि आप भी नहीं कर सकते। सिर्फ.बंगाली बोलने के कारण लोगों को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। इस मुद्दे पर हर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। यह मुद्दा सिर्फ.मेरा नहीं है; यह सबका है। बंगाल हमारे लिए सब कुछ है। हमें इस जमीन की रक्षा करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री बनर्जी ने अपनी मातृभाषा की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी अपनी मातृभाषा बोलते हैं। बच्चे पहली बार अपनी मातृभाषा में 'माँ' बोलते हैं। हालाँकि, बंगाली भाषा को लेकर भाषा युद्ध छिड़ गया है। पश्चिम बंगाल के फिल्म उद्योग, टॉलीवुड, पर कटाक्ष करते हुए, बनर्जी ने संगीत में बंगाली सामग्री की कमी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आजकल हमारे गानों में बंगाली कहाँ है? बस तेज और भड़कीला संगीत है। हमारे पास इसके लिए बॉलीवुड पहले से ही मौजूद है। दक्षिण भारतीय फि ल्में भी लोकप्रिय हैं। लेकिन टॉलीवुड में सिर्फ.संगीत ही नहीं, बल्कि ज्यादा बंगाली गाने होने चाहिए।

अपना रुख स्पष्ट करते हुए, बनर्जी ने कहा कि वह अन्य भाषाओं के विरोध में नहीं हैं, बल्कि उन्होंने बंगाली भाषा के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, मैं किसी से दूसरी भाषाओं का अनादर करने के लिए नहीं कह रही हूँ। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपनी भाषा खो दें। हमें अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए। हमें सभी भाषाओं पर गर्व है, लेकिन बंगाली को दरकिनार करके हम कुछ नहीं कर सकते। सभी भाषाओं को सद्भाव और एकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमें बंगाल की संस्कृति को और अधिक विकसित, समृद्ध, व्यापक और जीवंत बनाना होगा। सभ्यता किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है।

# पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

● समाजवादी नेताओं ने किया नारी सम्मान और सामाजिक न्याय पर जोर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोसाईं गंज ब्लॉक स्थित ग्राम सभा लक्ष्मणपुर मजरा अनैया खरगापुर में शुक्रवार को साधन सहकारी समिति लिमिटेड के प्रांगण में वीरांगना पूर्व सांसद श्रीमती फूलन देवी जी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कुमार निषाद ने की, जबकि आयोजन की कमान जोन प्रभारी दिनेश यादव राम लाल रावत मो. कयूम एवं ब्रजेश लाला रावत ने संभाली।



सभा में बतौर मुख्य अतिथि अर्चना रावत जी शामिल हुए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में एक साथ मनाए जा रहे शहादत दिवस के अंतर्गत इस सभा को संबोधित किया अर्चना जी ने फूलन देवी के जीवन संघर्ष, उनके साथ हुए अमानवीय व्यवहार तथा उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के लिए किए गए संघर्षों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार जेल में रहते हुए भी भाजपा सरकार ने उनके साथ नीच कृत्य किए फिर भी उन्होंने सब कुछ सहते हुए महिलाओं और पिछड़े वर्गों की आवाज बनने का कार्य किया उन्होंने कहा कि नेता जी स्व. मुलायम सिंह यादव ने ऐसे कठिन हालात में फूलन देवी को संसद तक पहुंचाकर उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत में सम्मान दिलाया। अर्चना जी ने जनता से अपील की कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएं, जिससे सामाजिक न्याय की आवाज और मजबूत हो।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि फूलन देवी के साथ हुआ अन्याय उस समय की व्यवस्था का शर्मनाक चेहरा था, जिसे उन्होंने अपनी संघर्षशीलता से चुनौती दी समाजवादी पार्टी ने हमेशा से महिलाओं और वंचित वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया है। इस श्रद्धांजलि सभा में कई प्रमुख नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाग लिया जिनमें विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, भरत यादव, मया राम वर्मा, संतोष रावत, राम किशोर रावत, मनोज पासवान, सूरज प्रधान, गजराज रावत, अशर्फी लाल धीमान, राम समुझ रावत, सुशील कुमार वर्मा, मो. हनीफ, प्रमोद कश्यप, सुरेश कश्यप, राम प्रताप रावत, अर्चना रावत, अंबुज वर्मा, आशीष सिंह, विजय यादव, बरजोर सिंह यादव, ओमकार लोधी, जब्बार हुसैन, आनंद पासवान, लतीफ फारूकी, राम गुलाम धीमान, राजेश कुमार धीमान, पवन कुमार धीमान, राज कुमार कश्यप, राम नरेश कश्यप, शिव कुमार कश्यप, रामेश्वर कश्यप, राज बहादुर निषाद, सुखमी लाल कश्यप, दिनेश यादव, अरिमर्दन रावत, त्रिभुवन भारती, संतोष यादव, सन्त राम रावत, हरी शंकर रावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से नारी सम्मान, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों की आवाज को फिर से बुलंद करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में फूलन देवी जी के विचारों और उनके संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

## दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मोहनलालगंज में बच्चों की बोलने-सुनने और व्यवहार संबंधी समस्याओं के लिए सिग्मा हॉस्पिटल में चिकित्सा शिविर का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के सिग्मा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में दयाल हेयरिंग एंड स्पीच डेवलपमेंट सेंटर के सहयोग से एक विशेष दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों में यदि बोलने में परेशानी सुनने में कमी हकलाहट पढ़ाई में ध्यान न लगना चिड़चिड़ापन या बार-बार चीजें दोहराने की आदत जैसी समस्याएं देखने को मिल रही हैं तो यह शिविर 26 और 27 जुलाई को आयोजित होगा जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहकर बच्चों की विभिन्न मानसिक शारीरिक और संवेदी समस्याओं की गहन जांच और उपचार की शुरूआत करेगी।

## मलिहाबाद में बिजली व्यवस्था चरमराई, कहीं गिरे खंभे तो कहीं पलटा पेड़

अमन लेखनी समाचार



सड़क पर पलटा खंभा – फोटो

लखनऊ। तेज आंधी पानी आने से बिजली व्यवस्था चरमराई कहीं तेज हवाओं के चलते पेड़ बिजली के तार पर गिर गए तो उसके कुछ दूर आगे बिजली का खंभा सड़क पर गिरा गया। जिससे कई घंटे आवागमन बाधित रहा। रहीमाबाद के मनकौटी गांव से निकले भतोइया दिलावर नगर मार्ग पर तेज हवाओं और बारिश के चलते पेड़ तारों पर गिरा वहीं आगे मोड़ पर एक बिजली का खंभा भी पलट गया जिससे आवागमन कई घंटे से बाधित रहा। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा. कई इलाकों में शुक्रवार देर शाम तक बिजली न आने से अंधेरा छाया रहा. रहीमाबाद, मलिहाबाद के चांदपुर फीडर से जुड़े कई गांवों में लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा. पड़ रही प्रचंड गर्मी से लोगों को शुक्रवार से काफी राहत मिली. गर्मी में पसीना बहाते लोगों को बारिश ने काफी राहत महसूस कराई. लेकिन जितनी देर बारिश और तेज आंधी आई उतने में बिजली विभाग के सामने दिक्कतों का अंबार लग गया. तमाम इलाकों में तेज आंधी चलने के चलते पेड़ पलटे तो कहीं पेड़ की डाली टूट कर तारों को चपेट मे ले लिया। जिससे देर रात तक बिजली सप्लाई बाधित रही।

# रोडवेज बस से टकराया सांड, घायल, सड़क पर गिरा



अस्पताल में ट्रीटमेंट कराती महिला



घायल सांड से टकराया बाइक सवार

● अंधेरे में घायल सांड से टकराए दो बाइक सवार, चार लोग घायल; ग्रामीणों ने लगाया बैरियर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ-हरदोई हाइवे पर शुक्रवार को गंभीर हादसा हुआ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया में पुलिस पिकेट के पास शुक्रवार शाम को हरदोई की ओर जा रहे एक सांड को पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सांड बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। कुछ ही मिनटों में पीछे से आ रहे दो अलग-अलग दोपहिया वाहन उस घायल सांड से टकरा गए। पहले वाहन पर पप्पू तिलोईयां सवार था।

दूसरे वाहन पर सौरभ अपनी बहन पूजा और 2 वर्षीय भांजी लाडो के साथ था। वे लखनऊ से बहन को विदा कराके अपने घर जनेश्वरी टड़ियावां जनपद हरदोई लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी लोग कई मीटर दूर जा गिरे। जिसमें बहन पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज हेतु नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीण एडवोकेट राघवेंद्र सिंह, श्याम सिंह, राहुल सिंह, उमेश और नशरत गाजी ने तत्परता दिखाते हुए घायल सांड के आगे पुलिस बैरियर लगा दिया। इससे कई अन्य वाहन चालकों की जान बच गई। रात के अंधेरे में यह हादसा और भी बड़ा हो सकता था। ग्रामीणों की मदद से घायल सांड को सड़क किनारे से हटाया गया। तब जाकर आवागमन सुचारू रूप चालू हुआ।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मनाई वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को सपा सरोजनी नगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव की अध्यक्षता और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की मौजूदगी में सरोजनी नगर के नानमऊ गांव में वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मौजूद सपाईयों ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने कहा कि आज हम उस साहसी और जननायिका महिला का स्मरण कर रहे हैं, जिसने समाज की छाती चीर कर न्याय की मिसाल जलायी। उन्होंने कहा कि पूर्व लोकसभा सांसद वीरांगना फूलन देवी जातीय उत्पीड़न, लैंगिक हिंसा और सामाजिक शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने वाली सिर्फ नाम की महिला नहीं, बल्कि एक आंदोलन थी। कहा कि उनका जीवन पीड़ा, संघर्ष और त्रासदी पूर्ण कहानी है। बाल विवाह, सामूहिक बलात्कार और सामाजिक बहिष्कार की यातनाएं सहने के बाद भी उन्होंने अन्याय के विरुद्ध विद्रोह किया। फूलन देवी उस भारत की बेटी थी, जहां पिछड़े, दलित और महिलाओं के हक की बात करना खुद एक क्रांति है। इस मौके पर सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अभिषेक मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि बचान सिंह, वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य कैप्टन यादव, युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव सुशील यादव गुड्डू, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार टाइगर, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू, वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव, संदीप पटेल, रामविलास, प्रदीप यादव, इंद्रेश यादव, अंकित कश्यप, अजीत यादव, सर्वेश कश्यप, सर्वेश रावत, जलाल अकबर खान, अवशेष कश्यप, श्रीराम कश्यप, संगीत गौतम, श्रवण कुमार कश्यप, अजय गौतम, तेज नारायण कश्यप, कमल चंद्र गौड़, रामनाथ बीडीसी और मोहम्मद आसिफ सहित तमाम ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# ढाबा संचालक व पुत्र समेत तीन लोगों ने मजदूरों पर किया हमला



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित लड्डू गोपाल रेस्टोरेंट में कार्यरत तीन मजदूरों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है पीड़ितों ने ढाबा संचालक मदन गुप्ता, उनके पुत्र शिवम् गुप्ता समेत तीन लोगों पर बेवजह हमला कर चोट पहुँचाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। घटनाक्रम अनूप उमाकांत और रोहित तीन मजदूर लड्डू गोपाल रेस्टोरेंट में काम करते हैं पीड़ितों का आरोप है कि बीती बुधवार रात को बिना किसी पूर्व विवाद के ढाबा संचालक मदन गुप्ता उनके बेटे शिवम् गुप्ता व तीन अज्ञात लोगों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया हमले में तीनों मजदूरों को अंदरूनी चोटें आई हैं वही पीड़ितों ने बताया कि उनका उक्त आरोपियों से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है और न किसी प्रकार की कहासुनी हुई थी इसके बावजूद उन्हें निशाना बनाया गया जिससे वे मानसिक रूप से आहत और भयभीत हैं घटना के संबंध में तीनों मजदूरों ने पीजीआई थाने में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।एल्डिको चौकी प्रभारी ने पीड़ितों से तहरीर लेकर मामले की जाँच शुरू कर दी है वहीं पीड़ितों ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क हादसे में आर्मी जवान की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के पुरसेनी गांव के सामने हाइवे पर स्थित बीसीसी हाइट्स के सामने शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना में कार्यरत जवान उमेश कुमार यादव की मौत हो गई मृतक मूल रूप से पिपरा कला लक्ष्मणपुर थाना नरही जिला बलिया के निवासी थे और वर्तमान में बीसीसी हाइट्स में रह रहे थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार कार (ल्फ51उद0163) ने 40 वर्षीय उमेश कुमार यादव को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें कमान हॉस्पिटल लखनऊ ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच जारी है वहीं मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कार वाहन व चालक के खिलाफ विधिक कार्यवाही करके पुलिस द्वारा कार वाहन व चालक की तलाश की जा रही है इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है मृतक उमेश कुमार यादव एक कर्तव्यनिष्ठ सैनिक थे जिनकी असामयिक मृत्यु से उनके परिजन और साथी अत्यंत दुखी हैं।

## बीड़ी लेने आए युवक को शराब के नशे में धुत युवक ने दुकान पर पीटा, दी जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के अमवा मुरतजापुर निवासी युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है पीड़ित रवि रावत पुत्र सुंदरलाल ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार की रात गांव के ही एक दुकानदार सुनील की दुकान से बीड़ी खरीदने गया था इसी दौरान गांव के ही लवकुश लोधी पुत्र रामकिशोर निवासी उपरोक्त शराब के नशे में वहां पहुंचा और रवि रावत के साथ गाली-गलौज करने लगा विरोध करने पर आरोपी ने रवि को भद्दी-भद्दी गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी मारपीट के दौरान रवि के सिर में गंभीर चोटें आईं इसके बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी घायल अवस्था में रवि किसी तरह वहां से निकला और मामले की सूचना परिजनों को दी परिजनों ने तत्काल उसे प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पीड़ित ने थानाध्यक्ष नगराम से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है वहीं गांव में हुई इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी अक्सर नशे की हालत में विवाद करता रहता है ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## पति पर धारदार हथियार से पत्नी ने भाई और भाभी के साथ मिलकर हमला कर की लूटपाट, पति घायल, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती......

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के डेहवा का मजरा कुशली खेड़ा गांव में घरेलू विवाद के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया वारदात को अंजाम पीड़ित की पत्नी ने अपने भाई और भाभी के साथ मिलकर दिया घायल को गंभीर हालत में पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

घटनाक्रम पीड़ित मुकेश पुत्र शमशेर निवासी डेहवा का मजरा कुशली खेड़ा, गांव में बीते गुरुवार की शाम अपने घर पर था उसी समय उसकी पत्नी उर्मिला उसका भाई रजनीश पुत्र जगदीश निवासी निगोहां थाना क्षेत्र के करनपुर व भाभी रश्मि के साथ घर आए और गाली-गलौज करने लगे जब मुकेश ने विरोध किया तो तीनों ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के बाद घर में रखा कीमती सामान जेवर मोबाइल फोन और करीब बीस हजार रुपये नकद भी उठा लिए और मौके से फरार हो गए चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल मुकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे पीजीआई ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित मुकेश द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपितों की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है घटना के बाद गांव में सनसनी का माहौल है।

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर, अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

**कार सवार नाबालिग के पास मिली अवैध पिस्टल 32 बोर के चार जिंदा कारतूस बरामद**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में गुरुवार रात तेज रफ्तार कार सवार ने एक स्कूटी सवार युवक को ठोकर मार दी। उसके बाद कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में स्कूटी सवार चोटिल हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कार चालक को बाहर निकाला तो उसके पास अवैध पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात तेज रफ्तार एक्सयूवी 300 कार चालक सरोजनीनगर की ओर से आलमबाग की तरफ जा रहा था। तभी कानपुर रोड पर सरोजनीनगर स्थित शांति नगर के



पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी से जा रहे यहीं के चिल्लावां में रहने वाले अंजार खान (30) की स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे अंजार चोटिल हो गया। उसे आनन फानन सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। उधर स्कूटी में ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर से जा टकराई। जिससे कार सवार उसके अंदर फस गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकाला तो उसकी कमर में लगा पिस्टल नीचे गिर गया। पूलिस ने पूछताछ की तो कार सवार पिस्टल के बारे में कुछ ना बता सका। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि कार सवार नाबालिग है और वह सरोजनीनगर की सैनिक हाउसिंग सोसायटी कॉलोनी में रहने वाले राजेश यादव का बेटा है। उसके पास से 32 बोर का एक अवैध पिस्टल और 32 बोर के चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। फिलहाल पकड़े गए किशोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिस्टल और कारतूस को कब्जे में लिया गया है। जबकि आरोपी कार चालक किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। होटल से समोसा लेकर पैदल सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दिलावर नगर मजरा दुन्दा खेड़ा पोनी निवासी बशीर की पत्नी जैनब (87) भतोइया गांव में एक होटल से समोसा लेकर पैदल लखनऊ हरदोई राजमार्ग पार करने लगी तभी लखनऊ की ओर से आ रहे हैं तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने



मृतका जैनब फाइल – फोटो

महिला को एंबुलेंस की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के परिवार में बेटा अलीजान नबीजान है, जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

# महिला के घर पर हमला, परिवार के कई सदस्य घायल, पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज । नगराम थाना क्षेत्र के सिरौना गांव में बीते गुरुवार की देर शाम एक महिला और उसके परिवार पर कुछ दबंगों द्वारा घर में घुसकर हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है इस हमले में महिला समेत उसके पति, बेटा और बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गए पीड़ित पक्ष की ओर से नगराम थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई गई है पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटनाक्रम नगराम थाना क्षेत्र के सिरौना गांव निवासी सुखराना पत्नी संतू ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की शाम को गांव के ही रहने वाले मनीराम राजकुमार दुखीराम पुत्र लालू तथा सोनू और मोनू पुत्रगण दुखीराम एकजुट होकर उसके घर में जबरन घुस आए आरोप है कि दबंगों ने घर में घुसते ही उसकी बेटियों सरिता और दुलारा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी जब सुखराना ने विरोध किया तो आरोपितों ने उस पर लाठी-डंडों ईंट और घूंसे से हमला कर दिया।

शोरगुल सुनकर जब पति संतू और पुत्र शिवम बीच-बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी इस अचानक हुई हिंसक घटना से पूरे परिवार में डर और दहशत का माहौल बना हुआ है पीड़िता का आरोप है कि हमलावर अभी भी खुलेआम धमकी दे रहे हैं, जिससे वह और उसका परिवार भयभीत हैं घटना की सूचना मिलते ही नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भी आक्रोश है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की जा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो गांव में कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की बात कह रही है वहीं पीड़ित परिवार को अब भी न्याय की उम्मीद है।

## मंदिर के सेवक द्वारा मोबाइल एसेसरीज व गिफ्ट पैक दुकान में चोरी करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में गुरुवार को एक मंदिर के सेवक द्वारा मोबाइल एसेसरीज व गिफ्ट पैक दुकान में चोरी करने का मामला सामने आया है। दुकान मालिक ने आरोपी के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा स्थित सत्यलोक कॉलोनी निवासी शिवांशु कुमार के मुताबिक उसकी बदाली खेड़ा में मोबाइल एसेसरीज एण्ड गिफ्ट पैक की दुकान है। शिवांशु का कहना है कि गुरुवार को पास के ही मंदिर पर रहने वाले पुजारी का सेवक उसकी दुकान पर पहुंचा और कुछ सामान खरीदने के बहाने सेंट, परफ्यूम और सेल्फी स्टैंड चोरी कर ले भागा। दुकान मालिक शिवांशु की नजर पड़ी तो उसने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया और सारा सामान उसके पास से बरामद कर लिया। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि आरोपी द्वारा सामान चोरी किए जाने की सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग उसके पास है। बाद में पीड़ित दुकानदार शिवांशु कुमार ने सरोजनी नगर थाने में मामले की तहरीर दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ड्राइवर की मौत, बेटे ने जहर देकर हत्या का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में बस ड्राइवर सड़क किनारे मिला सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बेटे ने जहर देकर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद के कस्बा समदा तालाब निवासी ताजदार खां (46) शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में मलिहाबाद में लखनऊ-हरदोई हाईवे पर मिले सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बस ड्राइवर को मृत घोषित किया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेटे अमान खां उर्फ अब्दुला ने पड़ोसी पर पिता को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के परिवार में पत्नी परवीन बेटा अब्दुल्ला का रो-रो कर बुराहाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि बेटे ने जहर देकर हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगाया है। जिसकी जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### आवारा कुत्तों की बढ़ी संख्या रोज रोज बनाते किसी को अपना शिकार

उन्नाव। शुक्लागंज नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गई है। 1 से 24 जुलाई के बीच कुत्तों ने 203 लोगों को काटा है। इनमें अधिकांश स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।सभी पीड़ितों का स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में इलाज कराना पड़ा। इस दौरान कुल 225 लोगों को रैबीज रोधी एआरवी इंजेक्शन लगाए गए। काटे जाने के 6, चूहों के 3 और बिल्लियों के काटने के 13 मामले भी दर्ज हुए हैं। प्रतिदिन 8 से 10 लोग सिर्फ कुत्ते के काटने के कारण अस्पताल पहुंच रहे हैं।स्थानीय निवासियों ने बताया कि शुक्लागंज के रामनगर, पोनी रोड और विष्णुपुरी इलाके सबसे अधिक प्रभावित हैं। कई बार कुत्ते झुंड में स्कूली बच्चों और राह चलती महिलाओं को घेरकर काट लेते हैं।इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।नगर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने कहा कि डॉग कैचिंग दस्ता गठित करने पर विचार चल रहा है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नागरिकों का कहना है कि केवल विचार-विमर्श से समस्या का समाधान नहीं होगा। पशु चिकित्सकों के अनुसार, गर्मी के मौसम में कुत्ते अधिक चिड़चिड़े और आक्रामक हो जाते हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते कदम न उठाने पर स्थिति और बिगड़ सकती है। नगरवासियों ने पालिका और स्वास्थ्य विभाग से विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनका नस बंदीकरण करने और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है।

### अमर शहीद के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर दी श्रंद्धाजलि

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में शनिवार क्षेत्र भ्रमण दौरान जनसेवक अविचल शुक्ला कारगिल शहीद अमर बहादुर के पैतृक गांव बजौरा पहुँचे जहा उन्होंने अमर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार के लोगो को ढांढस बंधाया। इस दौरान अविचल शुक्ला ने अमर शहीद के पिता मनमोहन सिंह व पुत्र अजय सिंह से मुलाकात भी की। इसके उपरांत भगवंतनगर कस्बे में आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह पत्रकारों का सम्मान कर आशीर्वाद की कामना की। पत्रकारों से बातचीत दौरान अविचल शुक्ला ने कहा भगवंतनगर विधानसभा हमारा कर्मक्षेत्र रहा है । मेरे जीवन का उद्देश्य जनसेवा करना है जिसके तहत मैं आजीवन भगवंतनगर क्षेत्र की जनता की सेवा करता रहूंगा। पार्टी द्वारा यदि मुझको कोई दायित्व दिया जाता है उसे मैं बखूबी निभाऊंगा। अविचल शुक्ला के आगमन की खबर सुन क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने जगह जगह स्वागत किया । अविचल ने तहसील क्षेत्र के मोहकमपुर ,रामपुर,मानिकापुर,बिहार आदि गाँवो में गणमान्य लोगो से मुलाकात भी की ।भगवंतनगर कार्यक्रम के दौरान अविनाश बाजपेयी ,निशाकांत दीक्षित,प्रदीप मिश्रा,नरेश मिश्रा,फुन्नी त्रिपाठी ,कार्तिकेय दीक्षित, अंकित सिंह,छन्नर शुक्ला, अमित रावत, राजेन्द्र कसेरा ,लकी पटेल, आशू सोनी,अमित शुक्ला, सहित कई पत्रकार व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मनाई वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को सपा सरोजनी नगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव की अध्यक्षता और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की मौजूदगी में सरोजनी नगर के नानमऊ गांव में वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मौजूद सपाईयों ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने कहा कि आज हम उस साहसी और जननायिका महिला का स्मरण कर रहे हैं, जिसने समाज की छाती चीर कर न्याय की मिसाल जलायी। उन्होंने कहा कि पूर्व लोकसभा सांसद वीरांगना फूलन देवी जातीय उत्पीड़न, लैंगिक हिंसा और सामाजिक शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने वाली सिर्फ नाम की महिला नहीं, बल्कि एक आंदोलन थी। कहा कि उनका जीवन पीड़ा, संघर्ष और त्रासदी पूर्ण कहानी है। बाल विवाह, सामूहिक बलात्कार और सामाजिक बहिष्कार की यातनाएं सहने के बाद भी उन्होंने अन्याय के विरुद्ध विद्रोह किया। फूलन देवी उस भारत की बेटी थी, जहां पिछड़े, दलित और महिलाओं के हक की बात करना खुद एक क्रांति है। इस मौके पर सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अभिषेक मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि बचान सिंह, वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य कैप्टन यादव, युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव सुशील यादव गुड्डू, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार टाइगर, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू, वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव, संदीप पटेल, रामविलास, प्रदीप यादव, इंद्रेश यादव, अंकित कश्यप, अजीत यादव, सर्वेश कश्यप, सर्वेश रावत, जलाल अकबर खान, अवशेष कश्यप, श्रीराम कश्यप, संगीत गौतम, श्रवण कुमार कश्यप, अजय गौतम, तेज नारायण कश्यप, कमल चंद्र गौड़, रामनाथ बीडीसी और मोहम्मद आसिफ सहित तमाम ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से फेरी लगाने वाले बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की दोपहर लगभग 2 बजे उन्नाव लालगंज राजमार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई ।मृतक यहीं किसी गांव में रहकर फेरी लगाकर गांव गांव प्लास्टिक का सामान बेचने का कार्य करता था ।उपनिरीक्षक किशोरी लाल ने बताया मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार इंदामऊ पुलिस निमार्णाधीन पुलिस चौकी के निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने मौरंग मंगाई थी ।हाइवे पर ट्रक सड़क से नीचे उतारने के लिए ट्रक को मोड़ रहा था तभी बाईक सवार लगभग 36 वर्षीय बिंदा प्रसाद पुत्र मुशाहीदुद्दीन जो ग्राम बेरी मंगतैया थाना निगोहा जनपद रायबरेली का निवासी है ट्रक में टकरा गया ।सूचना मिलने पर उसे 100 बेड अस्पताल लाया गया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया ।सूचना मिलते ही मृतक की मां पत्नी मधू व अन्य स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल था । मृतक के तीन बेटियां है सबसे बड़ी बेटी 8 साल की व छोटी 6 साल की है ।थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि अभी अभी स्वजन आये है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है ट्रक चालक समेत हिरासत में है ।मृतक के परिवार ने अभी कोई तहरीर नही दी है।

## उर्वरक की कालाबाजारी तीन दुकानों का लाइसेंस निलंबित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उर्वरकों की उपलब्धता को सुचारू बनाए रखने, कालाबाजारी पर रोक लगाने और ओवर रेटिंग व टैगिंग जैसी अनियमितताओं को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जिला कृषि अधिकारी शशांक के नेतृत्व में जनपद भर में उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर कार्रवाई भी की गई।

दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। जिन दुकानों पर कार्रवाई की गई है, उनमें शिव खाद भंडार बरुआ घाट, आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र कुरसठ और खुशहाली कृषि सेवा केंद्र जसरा, माथर प्रमुख हैं।इन दुकानों पर उर्वरक वितरण में अनियमितता और संदिग्ध गतिविधियों के चलते नमूने भी लिए गए हैं।जिला कृषि अधिकारी ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे दुकान पर स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, कैश मेमो और संस्तुत मात्रा के अनुसार पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरकों का वितरण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में कालाबाजारी, ओवर रेटिंग या टैगिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही किसानों को आश्वस्त किया गया है कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। मांग के अनुसार लगातार आपूर्ति की जा रही है। यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो कृषक कंट्रोल रूम नंबर 7839882173 पर कार्यदिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन की इस सख्ती से कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मच गया है

## अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर बर्फ लेकर जा रहे एक ई-रिक्शा चालक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा भिखारीपुर रुल्ल गांव के सामने हुआ, जहां सड़क पर फैले खून के छींटे और क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा ने दुर्घटना की भयावहता को बयां किया। मृतक की पहचान विजय कुमार (35 वर्ष) पुत्र जगदीश निवासी नौनिहालगंज, अस्पताल रोड, कोतवाली बांगरमऊ के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विजय रोज की तरह सुबह ई-रिक्शा से बर्फ लेकर निकला था, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया ।युवक रिक्शे में बर्फ लेकर जा रहा था ।युवक रिक्शे में बर्फ लेकर जा रहा था ।हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे, जहां बेटे की लाश देख उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। चीख-पुकार और मातम से माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। अब उसके न रहने से पत्नी और बच्चों का भरण-पोषण एक बड़ी चुनौती बन गया है। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया सब को कब्जे में लेकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गांव गनेशीखेड़ा धानीखेड़ा में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग से आए लोगों ने कृषकों को सिंचाई के बारे में समुचित जानकारी दी।गनेशीखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उद्यान अधिकारी सुरेंद्र कुमार भास्कर ने कहा कि स्प्रिंकिंग सिंचाई के माध्यम से कम जल में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, वही सह फसलों से भी किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। क्षेत्र प्रभारी गौरव कुमार कटियार ने बताया कि उचित खादो के प्रयोग से जमीन की गुणवत्ता को बरकरार रखा जा सकता है। जहां तक संभव हो प्राकृतिक खादो का ही प्रयोग करें। सुमेरपुर बीज भंडार प्रभारी अमित कटियार ने धान की रोपाई, उड़द, मूंग, तिल्ली में लगने वाले रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर बचाव के तरीके भी बताए। इस मौके पर किसानों को फलदार पौध भी वितरित किये गए। कार्यक्रम आयोजक भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के मंडलीय महामंत्री वृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आम अमरूद नींबू की बागवानी के बारे में किसानों से जानकारी साझा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टी ए आदर्श कुमार, राव राम बक्स फार्मर प्रोडक्शन कंपनी सुमेरपुर के मुकेश कुमार सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राम जीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति पवन पासवान, राजू सिंह, किसान नेता पवन शुक्ला, अंबुज सिंह चौहान, कार्तिकेय, ज्ञान सिंह, फुन्नी त्रिपाठी,निशाकांत दीक्षित,दुर्गेश सिंह, महेश वर्मा, अंकित सिंह, महेंद्र प्रताप, वीरेंद्र सिंह फौजी, रोहित, नीरज, आदि रहे।

## रेल हादसे को बचाने वाले नव युवक को पूर्व सांसद ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के दरौली गांव निवासी सृजन मिश्रा ने अपनी सूझबूझ और साहस से एक बड़ा रेल हादसा टालते हुए सैकड़ों यात्रियों की गत दिनों जान बचाई। इस कार्य के लिए उन्हें समाज के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से भी सम्मान मिल रहा है। पूर्व सांसद अन्नू टंडन स्वयं सृजन के घर पहुंचीं और उन्हें शॉल व घड़ी भेंटकर सम्मानित किया।दरअसल, कुछ दिन पहले सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव के पास रेलवे अंडरपास में भारी बारिश के चलते जलभराव और मिट्टी बहाव से रेल पटरी हिल गई थी। सृजन मिश्रा स्थिति का जायजा लेने पहुंचे तो उन्हें यह खतरा नजर आया। तभी बालामऊ की ओर से एक पैसेंजर ट्रेन आती दिखी। बिना समय गंवाए सृजन ने एक चरवाहे से लाल शर्ट लेकर पटरियों के बीच खड़े होकर इशारे से ट्रेन को रुकवाया। ट्रेन के रुकते ही उन्होंने लोको पायलट को हालात की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची रेलवे की तकनीकी टीम ने ट्रैक की मरम्मत कर ट्रेन को सुरक्षित रवाना किया।पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने सृजन मिश्रा की बहादुरी को प्रेरणादायक और समाज के लिए मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं की वजह से समाज सुरक्षित रहता है और इनकी हिम्मत को सलाम किया जाना चाहिए इलाके में सृजन मिश्रा की सतर्कता और बहादुरी की खूब सराहना हो रही है। वे आज युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं कि किस तरह आम नागरिक भी बड़े हादसों को टालने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्युत संविदा कर्मी की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के कोरारी मोड़ के पास गुरुवार रात साइकिल सवार विद्युत संविदा कर्मचारी की मौत हो गई अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक को पहले अचलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फिर जिला अस्पताल और बाद में कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह मृतक के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और हादसे को लेकर जानकारी दी।

जानकारी के मुताबिक, यह हादसा गुरुवार की रात जब साइकिल से घर लौट रहा विद्युत संविदा कर्मी को कोरारी मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक वहीं सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे अचलगंज सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे देखते ही कानपुर हैलट अस्पताल भेजने की सलाह दी। लेकिन इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही घायल युवक की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह जब मृतक के परिजन उन्नाव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो उन्होंने बताया कि युवक संविदा पर बिजली विभाग में कार्यरत था। रोज की तरह काम से लौट रहा था। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।इस संबंध में अचलगंज थाना प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान हो सके। फिलहाल हादसे के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक का माहौल है।

## परिषदीय व कस्तूरबा विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विकास खण्ड हिलौली के परिषदीय व कस्तूरबा विद्यालय का एसडीएम ने निरीक्षण किया। भीषण गर्मी के चलते छात्र उपस्थिति कम मिली। इस दौरान बीईओ भी उपस्थित रहे। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने मौरावां आदर्श कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। मौरावां आदर्श में 200 छात्र संख्या में 109 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिली। वहीं शिक्षक 8 के सापेक्ष 6 उपस्थित रहे जबकि 2 शिक्षक अवकाश पर थे। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 100 छात्राओं के सापेक्ष 84 उपस्थित मिली। मध्यान्ह भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार बनवाया गया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार उपस्थित रहे। बीईओ ने भी बछौरा कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालयों में सब ठीक-ठाक पाया गया। छात्र संख्या में वृद्धि हेतु प्रधान शिक्षकों को निर्देशित किया।

## 500 शिवभक्त बिठूर से गंगाजल लेकर हुए रवाना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मियागंज क्षेत्र में श्रावण मास की कांवड़ यात्रा शुक्रवार को अपने चरम पर पहुंच गई। हरदोई जिले के अतरौली क्षेत्र के अटारी गांव से आए लगभग 500 शिवभक्तों का जत्था बिठूर से गंगाजल लेकर अतरौली के प्रसिद्ध जंगलेश्वर महादेव मंदिर की ओर निकला।कांवड़ियों की लंबी कतार और वाहनों के काफिले से मियागंज चौराहा करीब आधे घंटे तक जाम रहा। सुबह से ही मियागंज-संडीला मार्ग पर शिवभक्तों की आवाजाही बढ़ गई थी। डीजे पर बजते शिव भजनों और 'बम-बम भोले' के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।कांवड़िए डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। उनके साथ 15 से अधिक वाहन भी थे। इससे करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी कतार बन गई। यात्रा की भव्यता को देखकर कई राहगीरों ने अपने मोबाइल से वीडियो बनाए।मियागंज चौराहे पर यातायात प्रभावित होने पर पुलिस ने तत्परता दिखाई। उन्नाव, मियागंज, संडीला और बांगरमऊ की ओर जाने वाले सभी वाहनों को कुछ देर के लिए रोक दिया गया। इसके बाद सभी कांवड़ियों को सुरक्षित चौराहा पार कराया गया।कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण संचालन में स्थानीय पुलिस की भूमिका सराहनीय रही। मियागंज चौराहा और बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग शिव महिमा के गीतों से गूंज उठा। कांवड़ियों की टोली में युवा, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल थे।स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पेयजल और शीतल पेय की व्यवस्था कर यात्रियों का स्वागत किया। पुलिस और प्रशासन ने ट्रैफिक नियंत्रण के साथ-साथ सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए थे। इससे यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हुई।

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने गंगापुल में कूदने का किया प्रयास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने घरेलू विवाद के चलते गंगा नदी में छलांग लगाने का प्रयास किया। यह घटना गुरुवार रात बालू घाट चौक के पास नवीन पुल पर हुई। महिला पति से झगड़े के बाद आत्मघाती कदम उठाने जा रही थी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला पुल पर काफी देर तक खड़ी रही। वह व्याकुल अवस्था में नीचे गंगा की ओर देख रही थी। उसकी गतिविधियों से अंदेशा होने पर वहां से गुजर रहे जागरूक राहगीरों ने तत्परता दिखाई। उन्होंने महिला को पकड़ लिया और कूदने से पहले ही रोक लिया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को सुरक्षित थाने ले जाया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि उसका पति से किसी बात पर विवाद हो गया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाने की कोशिश की। महिला प्रेम नगर मोहल्ला की निवासी है। पुलिस ने महिला के परिजनों को थाने बुलाया। दोनों पक्षों में बातचीत कराई गई। काफी समझाने-बुझाने के बाद पति-पत्नी में सुलह कराई गई। दोनों को आगे ऐसा कदम न उठाने की सख्त हिदायत दी गई।गंगाघाट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पीके मिश्रा ने बताया कि महिला मानसिक रूप से अत्यधिक तनाव में थी। लेकिन समय रहते स्थानीय लोगों ने उसकी जान बचा ली। उन्होंने कहा कि घरेलू विवादों को लेकर आत्मघाती कदम उठाना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। ऐसी स्थिति में लोगों को संवाद और समझदारी से मामले सुलझाने चाहिए।पुलिस ने इस मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं की। महिला की जान समय रहते बचा ली गई और परिजनों के बीच समझौता हो गया। थाने स्तर से परामर्श और काउंसलिंग की सलाह दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो।

## अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र मोहनगंज निवासी दिव्यांग राम खेलावन 55 वर्ष शुक्रवार ढाई बजे लखनऊ बागर मऊ मार्ग हसनगंज कस्बे के बाहर स्थित पावर हाउस में साइकिल से बिजली का बिल जमा करके वापस आ रहा था तभी सामने से आ रहे बाइक सवार युवक अनुराग 25 वर्ष पुत्र सुरेंद्र , अंकित 24 वर्ष पुत्र भूरे ने साइकिल में टक्कर मार दी इससेतीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, राहगीरों की सूचना पर पुलिस तीनो को सीएचसी लेकर गई जहा डाक्टर ने अनुराग, व रामखेलावन की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गए। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया की दो घायलों की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

## सुकन्या समृद्धि योजना के तहत की गई बैठक

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। भारतीय डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के खातों को अधिक से अधिक संख्या में खोलने के लिए स्थानीय विकाशखण्ड सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी व डाक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई । बैठक में कानपुर मुफस्सिल डाक मंडल के अधीक्षक डाकघर सर्वेश मिश्रा द्वारा बैठक में बताया कि विभाग ने बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह से इस विषय मे पत्राचार करके परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाली पात्र बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना के लाभ से आच्छादित करने की सरकार की योजना है ।शुरू की गई है। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी उन्नाव ने अपने अधीनस्थ खंड शिक्षा अधिकारी से अपने स्तर पर डाक विभाग के साथ मिलकर सुकन्या समृद्धि के खाते खुलवाने एवं बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों का आधार अद्यतन या नया बनवाने के प्रयास कर इस योजना का लाभ सबको दिलाने की बात कही ।अधीक्षक डाकघर सर्वेश मिश्रा ने योजना के लिए कैंप लगाने साथ-साथ नए आधार एवं पुराने आधारों में संशोधन कराने का भी अनुरोध किया ।कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में परिवाद निरीक्षक नीलेश मिश्रा एवं विकास अधिकारी अवधेश शुक्ला ने प्रधानाध्यापकों के साथ भी बैठक कर रूपरेखा तैयार की ।खण्ड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता ने हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया ।

## तेज बारिश से टूटकर चलती बाइक पर गिरा महुआ का पेड़, मां की मौत,बेटा घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के श्रीवास ढाबा के पास महुआ का विशाल पेड़ सड़क पर आकर गिरा। बाइक चालक और उसकी मां उसकी चपेट मे आ गए.जिसमें मां की मौत हो गई तथा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया. दरअसल हरदोई उन्नाव मार्ग पर शुक्रवार शाम साढ़े छः बजे बारिश के दौरान महुआ का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के चोराहा गांव निवासी बाइक सवार विवेक 23 वर्ष पुत्र राजकुमार सिंह और उसकी मां रिंकी 49 वर्ष किसी काम से बांगरमऊ गए थे . जहां से वापस घर लौट रहे थे.इसी दौरान अपाचे बाइक पर तेज आंधी और बारिश के बीच महुआ का विशाल पेड़ गिर गया.जिसमें दोनो घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने रिंकी को देखते मृत घोषित कर दिया.जबकि बेटा विवेक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है.मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई.सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को हटवा कर किनारे कराया और बीचों-बीच मार्ग पर पड़े विशाल पेड़ को काटकर अलग कराया और मार्ग खुलवाया है. कोतवाली प्रभारिक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अन्य विधिक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जमीन पर लगे पिलरों को दबंगो ने गिराया

अमन लेखनी समाचार



असोहा। उन्नाव थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी नीतू ने एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी गांव स्थित भूमि संख्या 349/1 है। उक्त भूमि पर पिलर गढ़कर कब्जा है।23 जुलाई को कुछ लोग उक्त भूमि पर पहुंचे और भूमि में लगे पिलर को गिरा दिया।जब इसकी जानकारी हुई तो मौके पर पहुंच इसका विरोध किया गया।जिसपर उक्त लोग मारपीट पर अमादा है।बताया कि पूर्व में भी उक्त लोग भूमि पर लगे पिलर को गिरा दिया था।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय लेखपाल को जांचकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

## सम्पादकीय

# इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला विपक्ष न करे राजनीति

उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। विपक्ष सरकार पर दबाव बना रहा है कि इस इस्तीफे के पीछे का सच बाहर आना चाहिए। सरकार या भाजपा की तरफ से चुप्पी सस्पेंस को बढ़ा रही है और कयासों को हवा दे रही है। इस्तीफे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिक्रिया भी सामान्य है। हालांकि इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला होता है, इस पर विपक्ष को राजनीति नहीं करनी चाहिए। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दे दिया और कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार भी कर लिया। धनखड़ के इस्तीफे को भी उनके व्यक्तिगत फैसले के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन घटनाक्रम इतनी तेजी से घटा कि विपक्ष सवाल उठा रहा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ? 12 दिन पहले ही धनखड़ ने जेएनयू के एक कार्यक्रम में अपना कार्यकाल पूरा करने की बात कही थी। अगस्त 2027 तक उनका कार्यकाल था। दो साल पहले ही धनखड़ का स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पद छोड़ना चौंकाता है। विपक्ष जो जगदीप धनखड़ की ज्यादातर समय आलोचना किया करते थे और उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव तक लाया था, इस फैसले से हैरत में हैं। माना जा रहा है कि इस त्यागपत्र के कई सियासी मायने हैं। सोमवार को राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई शुरू करने के लिए आए प्रस्ताव में सभी 63 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर व सत्ता पक्ष के एक भी सांसद के साइन नहीं होने के बावजूद सभापति के रूप में धनखड़ के नोटिस को स्वीकारने से भाजपा असहज हुई हो। राज्यसभा में ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच खड़संवाद, आसन को अरुचिकर लगा हो व इस्तीफे का कारण हो। एक कयास यह भी है कि आगे बिहार में विधानसभा चुनाव है और अगले साल तमिलनाडु में विस चुनाव है, तो इसे देखते हुए इन दोनों में से किसी एक राज्य के नेता को उपराष्ट्रपति बनाकर भाजपा कोई राजनीतिक संदेश देना चाह रही हो। इसलिए इस्तीफा हुआ हो। हालांकि इसके और भी तरीके हो सकते हैं। धनखड़ का न्यायपालिका से लगातार टकराव भी एक वजह हो सकता है, लेकिन फिर टाइमिंग इस वजह से मैच नहीं कर रही है। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन (एनजेएसी) कानून रद किए जाने की निंदा करते हुए न्यायपालिका द्वारा संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन का आरोप लगाया था। यह सही है कि जगदीप धनखड़ बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल में ही उन्होंने हृदय संबंधी समस्याओं का इलाज करवाया था, तो त्यागपत्र के पीछे वास्तव में उनका स्वास्थ्य कारण ही माना जाना चाहिए। धनखड़ के 3 साल के कार्यकाल में राज्यसभा में विपक्षी दलों के साथ उनकी लगातार तीखी बहस हुईं, लेकिन कई बार विवादास्पद मुद्दों पर उनकी तीखी टिप्पणियों ने सरकार को असहज भी किया। उपराष्ट्रपति के रूप में भारत के प्रति धनखड़ की समर्पित और बहुमूल्य सेवा के लिए हमेशा उनकी सराहना होगी। अपने कार्यकाल में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की। बहरहाल, संविधान के अनुच्छेद 68 के तहत, उनके उत्तराधिकारी का चुनाव छह महीने के भीतर पूरा करना अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति भारत का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है। वह राज्यसभा का पदेन सभापति भी होता है। इसलिए यह पद लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता है।



धनखड़ का इस्तीफा

विवेक शुक्ला

जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं। देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

# पहले भी विवादों में रहे हैं उपराष्ट्रपति

भारत में उपराष्ट्रपति पद पर आसीन शख्सियतें अक्सर विवादों से घिरी रहीं हैं। जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं।

देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। दरअसल 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद, तत्कालीन उप-राष्ट्रपति वी.वी. गिरि कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। कांग्रेस पार्टी के भीतर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पुराने नेताओं के 'सिंडिकेट' के बीच सत्ता संघर्ष चरम पर था। कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी थे, जिन्हें सिंडिकेट का समर्थन प्राप्त था। इंदिरा गांधी ने वी.वी. गिरि को एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कांग्रेस के सांसदों और विधायकों से 'अंतरात्मा की आवाज' पर वोट देने का आह्वान किया। परिणाम यह हुआ कि गिरि एक बहुत ही करीबी मुकाबले में जीत गए। इस घटना ने कांग्रेस पार्टी को दो फाड़ कर दिया और इंदिरा गांधी को पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापित किया।

यह एक ऐसा मामला था जहां उप-राष्ट्रपति का पद सीधे तौर पर सत्ता संघर्ष का एक उपकरण बन गया। इसी क्रम में बी.डी. जत्ती और 1977 के संवैधानिक संकट की चर्चा करना भी जरूरी है। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के 1977 में निधन के बाद, उप-राष्ट्रपति बी.डी. जत्ती कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। देश में आपातकाल के बाद, केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। सरकार ने नौ कांग्रेस शासित राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने की सिफारिश की। कार्यवाहक राष्ट्रपति जत्ती ने इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने में शुरू में हिचकिचाहट दिखाई। उनकी हिचकिचाहट के कारण कुछ दिनों तक संवैधानिक संकट पैदा हो गया था, क्योंकि यह सवाल उठा कि क्या कार्यवाहक राष्ट्रपति कैबिनेट की सलाह को मानने के लिए बाध्य है। हालांकि कुछ दिनों के बाद उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन इस घटना ने कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियों पर एक बड़ी बहस छेड़ दी। आप कह सकते हैं कि दो बार उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी का कार्यकाल काफी हद तक गैर-विवादास्पद रहा, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत में दिए गए बयानों ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों में 'असुरक्षा और बेचैनी की भावना' है। इस बयान की सत्ताधारी दल और उसके समर्थकों ने तीखी आलोचना की।

उन पर एक संवैधानिक पद पर रहते हुए एक राजनीतिक और विभाजनकारी बयान देने का आरोप लगाया गया। इससे पहले भी, गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राष्ट्रगान के समय ध्वज को सलामी न देने पर उनकी आलोचना हुई थी। बाद में यह स्पष्ट किया गया कि प्रोटोकॉल के अनुसार, केवल राष्ट्रपति ही सलामी देते हैं और अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति केवल सावधान की



मुद्रा में खड़े होते हैं। हालांकि, स्पष्टीकरण के बावजूद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर एक विवाद बना रहा। जब तक हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति आवास में रहे तब तक वहां पर अनेक लेखकों की किताबों के विमोचन होते रहे। उन्हें लेखकों और विद्वानों से मिलना पसंद था। उन्होंने खुद भी कई किताबें लिखी थीं। वेंकैया नायडू ने 2018 में, राज्य सभा के सभापति के रूप में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि नायडू ने यह निर्णय जल्दबाजी में और सरकार के दबाव में लिया। उनका तर्क था कि प्रस्ताव में पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर थे और इसे स्वीकार कर जांच समिति को भेजा जाना चाहिए था। पर नायडू ने अपने फैसले को यह कहते हुए सही ठहराया कि प्रस्ताव में लगाए गए आरोप 'अस्पष्ट' थे और 'सिद्ध कदाचार' की श्रेणी में नहीं आते थे।

इस फैसले ने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच संबंधों पर एक तीव्र बहस को जन्म दिया और सभापति की विवेकाधीन शक्तियों को चर्चा के केंद्र में ला दिया। वे बेहद ओजस्वी वक्ता हैं। बहुत खुलकर अपनी बात रखते हैं। उनकी छवि एक 'आंदोलनकारी' की रही। छात्र जीवन में उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की विचारधारा से प्रभावित होकर आपातकालीन संघर्ष में हिस्सा लिया। वे आपातकाल के विरोध में सड़कों पर उतर आए और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे बेहतरीन मेजबान भी थे। सबसे खूब प्रेम से मिलते-जुलते थे। उपराष्ट्रपति के रूप में भी उनका कार्यकाल शानदार रहा था। वे अपनी बात कहने से कभी पीछे नहीं हटते। वे कभी-कभी किसी सेमिनार में भाग लेते हुए श्रोताओं को कस भी देते हैं जिनकी जुबान चलती रहती थी। अगर इन कुछ उदाहरणों को छोड़ दें तो उप राष्ट्रपति के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक, आर.वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा, डॉ. के.आर.नारायणन, कृष्ण कांत, भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल शांति से निकले। अगर देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बात करें तो उनकी पहल पर ही राजधानी को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) मिला था। डॉ. राधाकृष्णन ने 1958 में देश के तब के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से इच्छा जताई थी कि राजधानी में कोई इस तरह की जगह बन जाए जिधर पढ़ने-लिखने की दुनिया से जुड़े लोग मिल-बैठ करते रहें। उनकी सलाह नेहरू जी को पसंद आ गई।

उन्होंने बिना देर किए शहरी विकास मंत्रालय को निर्देश दिए कि वह एक प्लाट अलाट करे। तब लोधी गार्डन से सटे 4.76 एकड़ का प्लॉट आईआईसी के लिए अलॉट किया गया। इसका प्लाट मिलने के बाद डॉ. राधाकृष्णन ने आईआईसी को खड़ा करने के लिए वित्त मंत्री डॉ. सी.डी. देशमुख, प्रो. एच.एन. कुंजरू, प्रो. हुमायूं कबीर ( जॉर्ज फर्नांडिस के ससुर), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर डॉ. वीके आरवी राव वगैरह को जोड़ा। कृष्णकांत का उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए 27 जुलाई, 2002 को निधन हो गया था। भैंरो सिंह शेखावत के दौर में उपराष्ट्रपति आवास के गेट आम-खास सब के लिए खुले रहते थे। भैरोंसिंह शेखावत 19 अगस्त 2002 से 21 जुलाई 2007 तक देश के उपराष्ट्रपति रहे। शेखावत जी खुद यारबाश और किस्सागो इंसान थे। उनके पास मिलने वालों की भीड़ कभी कम नहीं होती थी। गर्मागर्म चाय पिलाकर वे अतिथियों से विस्तार से वार्तालाप करते थे। गंभीर राजनीति हो या तनाव के लम्हे, शेखावत हास्य के क्षण खोज लेते थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

## जयंती पर विशेष

सुरेन्द्र शर्मा



# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे चन्द्रशेखर 'आज़ाद'

भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों में चन्द्रशेखर आजाद का नाम सदा अग्रणी रहेगा। उनका जन्म 23 जुलाई, 1906 को ग्राम भाबरा (जिला झाबुआ, वर्तमान में जिला आलीराजपुर, मध्य प्रदेश) में हुआ था। उनके पूर्वज गांव बदरका (जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश) के निवासी थे; पर अकाल के कारण इनके पिता सीताराम तिवारी भाबरा में आकर बस गये थे। बचपन से ही चन्द्रशेखर का मन अंग्रेजों के अत्याचार देखकर सुलगता रहता था। किशोरावस्था में वे भागकर अपनी बुआ के पास बनारस आ गये और संस्कृत विद्यापीठ में पढ़ने लगे। बनारस में ही वे पहली बार विदेशी सामान बेचने वाली एक दुकान के सामने धरना देते हुए पकड़े गये। थाने में हुई पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतन्त्रता और घर का पता जेलखाना बताया। इस पर बौखलाकर थानेदार ने इन्हें 15 बेंतों की सजा दी। हर बेंत पर ये 'भारत माता की जय' बोलते थे। तब से ही इनका नाम 'आजाद' प्रचलित हो गया। आगे चलकर आजाद ने सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम से देश को आजाद कराने वाले युवकों का एक दल बना लिया। भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, अशफाक, मन्मथनाथ गुप्त, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जयदेव आदि उनके सहयोगी थे। आजाद तथा उनके सहयोगियों ने नौ अगस्त, 1925 को लखनऊ से सहारनपुर जाने वाली रेल को काकोरी स्टेशन के पास रोककर सरकारी खजाना लूट लिया। यह अंग्रेज शासन को खुली चुनौती थी, अतः सरकार ने क्रान्तिकारियों को पकड़ने में पूरी ताकत झोंक दी। पर आजाद को पकड़ना इतना आसान नहीं था। वे वेश बदलकर क्रान्तिकारियों के संगठन में लगे रहे। 17 दिसम्बर, 1928 को इनकी प्रेरणा से ही भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु आदि ने लाहौर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने सांडर्स को यमलोक पहुंचा दिया। अब तो पुलिस बौखला गयी; पर क्रान्तिवीर अपने काम में लगे रहे। कुछ समय बाद क्रान्तिकारियों ने लाहौर विधानभवन में बम फेंका। यद्यपि उसका उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। बम फेंककर भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने आत्मसमर्पण कर दिया। उनके वीरतापूर्ण वक्तव्यों से जनता में क्रान्तिकारियों के प्रति फैलाये जा रहे भ्रम दूर हुए। दूसरी ओर अनेक क्रान्तिकारी पकड़े भी गये। उनमें से कुछ पुलिस के अत्याचार न सह पाये और मुखबिरी कर बैठे। इससे क्रान्तिकारी आन्दोलन कमजोर पड़ गया। केन्द्रीय असेंबली में बम चन्द्रशेखर आज़ाद के ही सफल नेतृत्व में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को दिल्ली की केन्द्रीय असेंबली में बम विस्फोट किया। यह विस्फोट अंग्रेज़ सरकार द्वारा बनाए गए काले क़ानूनों के विरोध में किया गया था।

आज़ाद को 28 मई 1930 को भगवती चरण वोहरा की बम-परीक्षण में हुई शहादत से भी गहरा आघात लगा था। इसके कारण भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की योजना भी खटाई में पड़ गयी थी। भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए आज़ाद ने दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा, जहां से उन्हें कोरा जवाब दे दिया गया था। वह 27 फरवरी, 1931 का दिन था। पुलिस को किसी मुखबिर से समाचार मिला कि आज प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चन्द्रशेखर आजाद किसी से मिलने वाले हैं। पुलिस ने समय गंवाये बिना पार्क को घेर लिया। आजाद एक पेड़ के नीचे बैठकर अपने साथी की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही उनकी निगाह पुलिस पर पड़ी, वे पिस्तौल निकालकर पेड़ के पीछे छिप गये। कुछ ही देर में दोनों ओर से गोली चलने लगी। इधर चन्द्रशेखर आजाद अकेले थे और उधर कई जवान। जब आजाद की पिस्तौल में एक गोली रह गयी, तो उन्होंने देश की मिट्टी अपने माथे से लगायी और उस अन्तिम गोली को अपनी कनपटी में मार लिया। उनका संकल्प था कि वे आजाद ही जन्मे हैं और मरते दम तक आजाद ही रहेंगे। उन्होंने इस प्रकार अपना संकल्प निभाया और जीते जी पुलिस के हाथ नहीं आए। आजाद के बलिदान की खबर जनता को लगी सारा, प्रयागराज अलफ्रेड पार्क में उमड़ पड़ा। जिस वृक्ष के नीचे आजाद शहीद हुए थे, लोग उस वृक्ष की पूजा करने लगे। वृक्ष के तने के इर्द-गिर्द झण्डियां बांध दी गयीं।

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### गीता गोपीनाथ हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पुन: देंगी सेवाएं

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में प्रथम उप प्रबंध निदेशक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर के रूप में पुन: सेवाएं देंगी। आईएमएफ के इतिहास में पहली मुख्य महिला अर्थशास्त्री गोपीनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आईएमएफ में लगभग सात अद्भुत वर्षों के बाद मैंने अपनी शैक्षणिक जड़ों की ओर लौटने का फैसला किया है।' गोपीनाथ एक सितंबर को हार्वर्ड के अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र की प्रथम 'ग्रेगरी और एनिया कॉफी प्रोफेसर' के रूप में फिर से सेवाएं देंगी।



## ऑफ बीट

### गोआना की त्वचा के नीचे अस्थि प्लेट का पता चला

मॉनिटर लिजर्ड, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया में गोआना भी कहा जाता है, इस महाद्वीप के सबसे अनोखी सरीसृपों में से एक हैं। इनका वंश न केवल उस सामूहिक विलुप्ति से बच गया जिसने डायनासोर को समाप्त किया, बल्कि उससे पृथ्वी पर सबसे बड़ी जीवित छिपकली आई। लिनियन सोसाइटी की जूलॉजिकल जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में उनकी त्वचा के नीचे की जांच की गई है। त्वचा जीवित रहने के लिए एक आवश्यक अंग है। कुछ जानवरों में, इसमें त्वचा के ऊतकों के बीच धंसी हुई अस्थि प्लेट की एक परत होती है। मगरमच्छों या आर्मडिलो में कवच जैसी प्लेट के बारे में सोचें: ये ऑस्टियोडर्म हैं।



## ट्रेंड

### लोकतंत्र के प्राण

संसद लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा ही लोकतंत्र के प्राण हैं। लेकिन विपक्ष ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन नहीं किया और साथ ही देश के करोड़ों किसानों का भी अनादर किया।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**



### 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम

देश के लगभग 80 प्रतिशत गांवों ने 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम का दर्जा हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता और स्वच्छ गांवों के निर्माण में जमीनी स्तर के शासन की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाती है।

**-सीआर पाटिल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री**



### छात्रों को लैपटॉप

दिल्ली सरकार ने छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 1,200 छात्र-छात्राओं को सरकार नि:शुल्क लैपटॉप प्रदान करेगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**



### फिल्म ही असली सुपरस्टार

अब समय आ गया है कि बॉलीवुड सितारे अपनी पीआर टीमों के माध्यम से खुद को नंबर 1 या नंबर 2 कहना बंद करें... अब हम स्वीकार करें कि केवल फिल्म ही असली सुपरस्टार है... बॉक्स ऑफिस पर गदर बनाएं क्योंकि यही मायने रखता है।

**-अमीषा पटेल, अभिनेत्री**



## संक्षेप

### नाबालिक बालिका के अपहरण का वांक्षित गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा महिलाओं/बालिकाओ के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम एवं महिलाओ/बालिकाओ के प्रति अपराध कारित करने वाले अपराधियों गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नैतृत्व में चौकी इंचार्ज सीतापुरवा उ0नि0 जितेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बालिका का अपहरण करने के संबंध में थाना रूपईडीहा पर पंजीकृत मु0अ0स0 166/2025 धारा 137(2), 65(1) बीएनएस व 5(ठ)/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी /एस टी एक्ट से संबंधित वाँछित अभियुक्त सिपाही लाल पुत्र राधेश्याम निवासी बनघूसरी थाना नवाबगंज (24) को प्राइवेट बस स्टैण्ड रूपईडीहा थाना रूपईडीहा से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

### शराब के लिए नहीं दिए 500 रुपए

**दो युवकों ने पीट-पीटकर मार डाला; परिवार की 10 मांगों पर प्रशासन सहमत, हुआ अंतिम संस्कार**

सुलतानपुर, लंभुआ में शराब के लिए 500 रुपए नहीं देने पर गरये गांव के दो युवकों ने 24 वर्षीय रचेंद्र को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को रखकर प्रशासन के सामने 10 मांगें रखीं। नायब तहसीलदार लंभुआ ने बुधवार को परिवार की मांगों को स्वीकार किया। इन मांगों में अपराधियों को कड़ी सजा, मृतक की पत्नी सपना चौहान के नाम जमीन और आवास पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शामिल हैं। साथ ही परिवार के किसी सदस्य को शस्त्र लाइसेंस और घर तक पहुंच मार्ग की मांग की गई। परिवार ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और मृतक की बेटी की निःशुल्क शिक्षा की मांग भी रखी।

### बिजली विभाग से परेशान किसानों का धरना

**सरकारी कॉलोनियों में 24 घंटे बिजली, किसानों के खेतों में लो-वोल्टेज से नलकूप बंद**

सुलतानपुर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के लोग शहर के तिकोनिया पार्क में बुधवार को जमा हुए। यहां किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हुई। मंडल अध्यक्ष ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों और कॉलोनियों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। किसान-मजदूर बहुल क्षेत्रों और खेती वाले इलाकों में बिजली की स्थिति चिंताजनक है। यहां या तो बिजली मिलती नहीं है, या इतने कम वोल्टेज की आपूर्ति होती है कि नलकूप भी नहीं चल पाते।

# विद्युत व्यवस्था में सुधार की कोशिशें अधूरी, उपभोक्ता बेहाल

## जनप्रतिनिधियों और व्यापार मंडल ने उठाई सुधार की मांग

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति दिनों-दिन बिगड़ती जा रही है। लगातार कटौती, कम वोल्टेज और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं से लोग त्रस्त हैं। नतीजतन, जहां घरेलू उपभोक्ताओं को दिन-रात परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं छोटे-बड़े व्यापारियों को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार अवर अभियंता स्तर पर क्षेत्र में कर्मचारियों के साथ सुधार के लिए प्रयास करते देखा जा रहा हैं लेकिन उपखंड अधिकारी की उदासीनता और पर्याप्त संसाधनों की अनुपलब्धता के चलते बिजली व्यवस्था सुचारु नहीं हो पा रही है। मरम्मत कार्यों के लिए उपकरणों में भारी कमी बनी हुई है। इस संकट को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि बार-बार बिजली जाने से दुकानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। बिजली की अनिश्चितता के चलते व्यवसायियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए स्थायी समाधान किया जाए। व्यापार मंडल संरक्षक रतन अग्रवाल ने कहा कि सिर्फ आश्वासन से काम नहीं चलेगा, जब तक फील्ड में संसाधन और तकनीकी उपकरण नहीं उपलब्ध कराया जाएगा, सुधार संभव नहीं है। व्यापार मंडल के महामंत्री संजय कुमार और व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष विजय मित्तल, व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने कहा कि मरम्मत कार्यों के लिए उपकरणों में भारी कमी बनी हुई है। जिसे अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाए। भाजपा नेता भीमसेन मिश्रा ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार बिजली संकट झेल रही है। मरम्मत कार्यों के लिए आवश्यक यंत्रों व सामग्रियों की भारी कमी बनी हुई है, जिससे क्षेत्र में स्थायी समाधान संभव नहीं हो पा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से मांग की है कि क्षेत्र में स्थायी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही उपखंड स्तर पर जवाबदेही तय हो ताकि जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

# गिरजापुरी में सेवार्थ फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच ।तहसील मिहींपुरवा के गिरजापुरी में नवसृजित राजस्व ग्रामों भवानीपुर, बिछिया, टेडिया और ढकिया के सर्वांगीण विकास के लिए सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट कार्यालय में सामुदायिक नेतृत्वकताओं और सरकारी सेवादाताओं के मध्य एक महत्वपूर्ण इंटरफेस गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी जंग हिंदुस्तानी तथा प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर अनिकेत ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं पोषण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इन ग्रामों के समग्र विकास के लिए समुदाय और सरकार के बीच बेहतर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करना था। ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी जंग हिंदुस्तानी ने सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर देते हुए ग्रामों के विकास में सामुदायिक भागीदारी की अहमियत बताई। प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर अनिकेत ने भी स्थानीय स्तर पर सहभागिता एवं सहयोग को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया।

उपस्थित लोगों के पंचायत संबंधी सवाल का उत्तर देते हुए प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद ने कहा कि सरकार जनता के वोट और टैक्स से चलती हैं इसलिए सरकार का हर कर्मचारी जनता के प्रति जबाब देह है।

गोष्ठी में कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन राम समुझ मौर्य एवं दीपक ने बताया कि सदियों से वंचित, शोषित तथा अधिकारों से वंचित वनग्रामों से राजस्व ग्रामों में परिवर्तित इन ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पोषण से जुड़े सेवाओं को लागू करने के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान ग्रामीण जनजीवन में बदलाव लाने और सुविधाओं को पहुंचाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।इस इंटरफेस गोष्ठी के माध्यम से गांव के नेताओं और सरकारी अधिकारियों के बीच संवाद व सहयोग के नए द्वार खुले हैं, जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में सकारात्मक प्रगति की उम्मीद की जा रही है। सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट ने स्थानीय विकास की प्रक्रिया में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया है।

# छः वांक्षित हुए गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व वाँछित व वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 दीपक सिंह चौकी इंचार्ज बाबागंज, उ0नि0 विजय कुमार, उ0नि0 राहुल सरोज, उ0नि0 अशोक कुमार चौकी इंचार्ज शिवपुर मोहरनिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा मा0 न्यायालय सी0जे0एम0 बहराइच द्वारा निर्गत मु0नं0 1671-15 अपराध संख्या 110-13 बनाम सलीम धारा 323, 504 आईपीसी थाना रूपईडीहा से संबंधित वारण्टी दुबरी पुत्र मेहंदी हसन निवासी बाबागंज पुरानी बाजार, मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत एनबीडब्लू मु0नं0 2099-11 अपराध संख्या 593-11 बनाम अहमद अली धारा 379 आईपीसी थाना रूपईडीहा में वारण्टी अहमद अली पुत्र गफ्फार अली निवासी भट्टा मोहल्ला थाना रुपईडीहा, मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत एनबीडब्लू मु0सं0 12116/20 राज्य प्रति नरेश धारा 60 एक्स एक्ट थाना रूपईडीहा नरेश पुत्र खेलावन नि0 निधिनगर संकल्पा, मा0 न्यायालय तृतीय अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश बहराइच मु0नं0 13118 राज्य प्रति भारत संघ व बल्लू थाना एनसीबी लखनऊ धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट अ0सं0 18117 में वारण्टी बल्लू पुत्र रहमत अली नि0 निधिनगर पोखरा को उनके घर से मा0 सर्वोच्च न्यायालय व मा0 मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया। गुफरान व अब्दुल मन्नान मुस्लिमबाग, मोहम्मद अहमद पुत्र युनुस निवासी गनेशपुर दा0 सोरहिया जिनको मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत एनबीडब्लू वारण्ट के क्रम में गिरफ्तार किया गया वारण्टीगण द्वारा अपने वारण्ट का रिकाल मौके पर दिखाया गया जिनको मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में मौके पर रिहा किया गया। गिरफ्तार शुदा वारण्टीगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर संबंधित मा0 न्यायालय सदर बहराइच पेशी हेतु रवाना किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**भतीजे को चाकू से गोदकर मार डाला था, उधार पैसे वापस मांगने पर विवाद**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 के सफल आयोजन व अधिकाधिक आमजन को लाभ दिये जाने के उद्देश्य से अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशांनुसार मीटिंग हाल, सिविल कोर्ट में षष्ठम अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, लोक अदालत अरविन्द कुमार गौतम की अध्यक्षता एवं अपर जिलाजज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि की उपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट/नोडल अधिकारी राजेश प्रसाद, नारायण दत्त मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, चकबन्दी अधिकारी श्रीराम संजीवन, तहसीलदार, महसी विकास कुमार, बृजेश कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 में किया जाना सुनिश्चित करें जिससे कि अधिक से अधिक संख्या मे वादकारी लाभान्वित हो सकें। साथ ही समस्त अधिकारियों से पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जाने की अपेक्षा की गयी। बैठक में समस्त अधिकारियों से लोक अदालत को सफल बनाने में सुझाव भी प्राप्त किये।

# एसकेएस कालेज में मनाया गया विश्व आईवीएफ दिवस

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा





बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में शुक्रवार को विश्व आईवीएफ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. संगीता मेहता रही। मुख्य अतिथि ने डा. संगीता मेहता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आईवीएफ एक प्रजनन प्रक्रिया है। जिसमें अंडे को शरीर के बाहर निषेचित किया जाता है और फिर भ्रुण को महिला के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह उन जोड़ों के लिए है जो प्राकृतिक रुप से गर्भधारण करने में असमर्थ है। संस्था निदेशिका पल्लवी शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को आईवीएफ के बारे में विधिवत जानकारी दी। इस मौके पर मैनेजर आस्था शुक्ला, शिक्षक आलोक शुक्ला, फूलचंद्र डावरिया, भंवर चौधरी, मोहम्मद अशरफ, श्रवण कुमार, राहुल, गौरव,सुषमा गिरी, सौम्या सिंह,ईशा वर्मा, संगीतात्मक पाल, सौम्या सिंह, लवीशा, मधु उपाध्याय, नेहा, आयुषी समेत अन्य मौजूद रहें।

# पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

**अमेठी में हादसा, पेट्रोल पंप पर काम करता था, हेलमेट नहीं पहनने से गई जान**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। निजामुद्दीनपुर गांव के पास जाखा मोड़ पर एक बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अजीत यादव (30) के रूप में हुई है। वह सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव का रहने वाला था। अजीत जामों में रामसपुर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर सड़क मोड़ पर है। यहां बाइक चालक का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हुई। तेज रफ्तार के कारण बाइक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अजीत का पैर बाइक में फंस गया और सिर में गंभीर चोट लगी। घटनास्थल पर खून के निशान और उल्टी के धब्बे मिले हैं। दुर्घटना के समय अजीत ने हेलमेट नहीं पहना था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रूपईडीहा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। स्थानीय पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के गंभीर मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि गठित टीम द्वारा अभियुक्त सिपाही लाल पुत्र राधेश्याम उम्र 24 वर्ष निवासी बनघूसरी थाना नवाबगंज जनपद बहराइच को गुरुवार दोपहर प्राइवेट बस स्टैंड रूपईडीहा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रूपईडीहा में पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। विधिक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# एनएचएआई ने एनएच 927 पर किया नेटवर्क सर्वे

**सड़क की गुणवत्ता, मरम्मत के लिए जुटाया जा रहा अहम डेटा**

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा से लगे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर शुक्रवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा अत्याधुनिक वाइस्किल तकनीक से नेटवर्क सर्वेक्षण का कार्य किया गया। सर्वेक्षण का उद्देश्य राजमार्ग की मौजूदा स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण कर भविष्य की मरम्मत और रखरखाव योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार करना है।इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि वाइस्किल तकनीक के माध्यम से सड़क की चौड़ाई, सतह पर मौजूद दरारें, गड्ढे, किनारों की मजबूती तथा साइड स्ट्रक्चर सहित अन्य तकनीकी पहलुओं की सूक्ष्म जांच की जा रही है। यह सर्वे पूरे राजमार्ग का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करेगा, जिससे विभिन्न विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि एनएच 927 न केवल सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने वाला रणनीतिक रूप से अहम मार्ग है, बल्कि इस पर प्रतिदिन भारी संख्या में यात्री एवं वाणिज्यिक वाहन आवागमन करते हैं। ऐसे में सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना और समय-समय पर आवश्यक सुधार कार्य करना बेहद जरूरी है।



# घर से नाराज होकर निकली दो किशोरियां बरामद

**लखनऊ से दिल्ली जाने के लिए ट्रेन में हुई थी सवार, बहनोई की सूचना पर अलीगढ़ में आरपीएफ ने उतारा**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, घर से नाराज होकर दिल्ली जा रही दो नाबालिग किशोरियों को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बरामद कर लिया गया। दोनों किशोरियां अपने परिवार से नाराज हो गई थी और नीनांचल एक्सप्रेस में सवार होकर लखनऊ से दिल्ली जाने के लिए ट्रेन में सवार हो गई थी। परिवार के लोगों ने रेलवे हेल्पलाइन को दी थी। मुख्यालय से सूचना आने के बाद अलीगढ़ में रेलवे सुरक्षा बल की टीमें एलर्ट हो गई। जैसे ही ट्रेन अलीगढ़ जंक्शन पर रुकी, आरपीएफ की टीमों ने जनरल डिब्बों में जांच शुरू की। जिसके बाद दोनों किशोरियों को रेलवे स्टेशन पर उतार लिया गया। किशोरियों के घर से निकलने के बाद उनके बहनोई रोशन पुत्र इकराम निवासी तिलयानी बकरी जिला झांसी ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दी थी। जिसके बाद दोनों किशोरियों को आरपीएफ के एएसआई नरेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल रेनू ने ट्रेन से उतारा। पूछताछ करने पर किशोरियों ने अपना नाम सना पुत्र अब्दुल रज्जाक उम्र 16 वर्ष और समरीन पुत्री रईस उम्र 15 वर्ष बताया। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग उनकी बात नहीं मानते थे, इसलिए दोनों ने अकेले दिल्ली जाने का मन मना लिया था। लखनऊ से वह टिकट लेकर दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई थी। जिसके बाद उन्हें चाइल्डलाइन के सुपुर्द कर दिया गया। किशोरियों के बरामद होने के बाद पुलिस ने सूचना देने वाले नंबर पर संपर्क किया और किशोरियों के बहनोई को बुलाया। जिसके बाद रोशन पुत्र इकराम और उसकी पत्नी मरीफा शेख अलीगढ़ जंक्शन पहुंचे। पुलिस ने दोनों से पूछताछ करने के बाद किशोरियों से उनकी पहचान कराई। जिसके बाद किशोरियों ने बताया कि वह उनके बहन और बहनोई हैं। जिसके बाद पुलिस ने दोनों किशोरियों को उनके बहन और बहनोई के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही उनकी काउंसलिंग भी की गई है कि वह दुबारा भविष्य में इस तरह के काम न करें।

# शिवलिंग की पेंटिंग के पास की आपत्तिजनक हरकत

**कांग्रेस नेता ने करवाया ब्लैक पेंट, कुंभ के दौरान कई धार्मिक चित्र बनवाए थे**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, शहर के पयागीपुर ओवरब्रिज पर धार्मिक प्रतीकों के साथ अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। नगर पालिका ने ओवरब्रिज की दीवार पर भगवान शिव और शिवलिंग की पेंटिंग करवाई थी। स्थानीय लोगों ने देखा कि कुछ व्यक्ति शिवलिंग के चित्र के पास आपत्तिजनक हरकत कर रहे थे। यह घटना दिन और रात दोनों समय में देखी गई। इस पर कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ने कार्रवाई करते हुए शिवलिंग के चित्र को काले रंग से पेंट करवा दिया। वरुण मिश्र ने बताया कि नगर पालिका ने कुंभ के दौरान कई धार्मिक चित्र बनवाए थे। पयागीपुर चौराहे पर मिश्रा ढाबा के सामने शिवलिंग का चित्र बिल्कुल जमीन से सटा कर बनाया गया था। इस स्थान का दुरुपयोग होता देख उन्होंने चित्र को मिटवाने का निर्णय लिया। उन्होंने भाजपा और नगर पालिका पर आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टी को ऐसे स्थानों पर धार्मिक चित्र नहीं बनवाने चाहिए, जहां उनका अपमान हो सकता है। उन्होंने कहा कि अभी भी कई ऐसे चित्र सड़कों पर बने हैं, जहां इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं।

# पेट दर्द की मरीज की मौत

**मेडिकल स्टोर की दवा खिलाने के बाद बिगड़ी हालत, सीएमओ ने जांच के लिए टीम बनाई**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, पेट दर्द की शिकायत के बाद मेडिकल स्टोर से लाई दवा खिलाने के कुछ घंटे बाद युवती की मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल स्टोर के डॉक्टर पर गलत दवा देने का आरोप लगाया है। मामला बढ़ने के बाद सीएमओ ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भीम आर्मी के कार्यकताओं ने मृतका के परिजनों से मुलाकात की। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के महोना पश्चिम स्थित कुड़वा मजार गांव का है। यहां के रहने वाले राम भवन गौतम की 26 वर्षीय बेटी मनीषा गौतम का पिछले चार सालों से इलाज चल रहा था। 21 जुलाई की सुबह अचानक उसके पेट में दर्द शुरू हो गया, जिसके बाद परिजन केजीएन मेडिकल सेंटर से दवा लेकर आये दवा खिलाने के कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक डॉक्टर सलमान खुर्शीद पर गलत दवा देने का आरोप लगाया। युवती की मौत के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मामला बढ़ने के बाद सीएमओ अंशुमान सिंह ने एडिशनल सीएमओ राम प्रसाद और पीके उपाध्याय की दो सदस्यीय टीम का गठन जांच के लिया किया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने भी मृतका के घर जाकर परिजनों से मुलाकात करते हुए मामले की जानकारी ली।

## संक्षेप

### नाबालिग को उतारा मौत के घाट

**दोस्तों ने ही कर डाली चाकू से गोद कर हत्या, लड़की को लेकर हुआ था विवाद**

गाजियाबाद , लोनी क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात ने लोगों को दहला दिया। ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के इलायचीपुर गांव के पास जंगल में 17 साल के रिहान की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक दिल्ली के खजूरी इलाके का निवासी था। जानकारी के अनुसार, रिहान का कुछ दिन पहले खजूरी इलाके में कुछ युवकों से लड़की को लेकर विवाद हुआ था, आरोपियों ने रिहान से कहा था कि तू इस लड़की से बात मत कर, लेकिन रिहान की उस लड़की से लगातार बातचीत हो रही थी, इसी बात को लेकर विवाद बड़ गया। उसी रंजिश को लेकर उसे बहाने से लोनी बुलाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी युवक पहले से रिहान को जानते थे इसी बहाने से रिहान को जंगल की ओर ले जाया गया और वहीं 3 से 4 लोगों ने मिलकर उस पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर ट्रॉनिका सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में रंजिश का मामला सामने आया है और आरोपियों की पहचान कर ली गई है। फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे की पूरी साजिश को खंगाल रही है और जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

### शराबी पति से परेशान महिला गंग नहर में कूदने पहुंची

**6 साल के बेटे को लेकर आत्महत्या करने गई थी, पुलिस ने बचाया**

मेरठ, मवाना में एक महिला ने अपने 6 वर्षीय बेटे के साथ गंग नहर में कूदने का प्रयास किया। मोहल्ला मुन्नालाल की रहने वाली गुलिस्ता शाम 5 बजे हस्तिनापुर रोड स्थित गंग नहर पर पहुंची। एक राहगीर ने महिला को नहर में कूदने की कोशिश करते देखा। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घटना का वीडियो बनाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला और उसके बच्चे को बचा लिया। महिला ने बताया कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। वह इससे मानसिक रूप से परेशान थी। थाना प्रभारी मवाना अखिलेश कुमार मिश्र के अनुसार, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्कूल के पास टूटी सड़कें और कूड़े का ढ़ेर

**गंगानगर में गर्म पानी रोड पर जलभराव, सड़क से गुजरने वाले लोगों को हो रही परेशानी**

मेरठ, गंगानगर थाना क्षेत्र के गर्म पानी रोड की स्थिति चिंताजनक हो गई है। सड़क के टूटे होने के कारण कई जगहों पर पानी भर जाता है। इस मार्ग पर दा एवेन्यू पब्लिक स्कूल और दधीचि पब्लिक स्कूल समेत कई विद्यालय स्थित हैं। नगर निगम द्वारा कूड़े के लिए रखी गई छोटी टंकी के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इससे वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सड़क पर पानी भरने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

# सफाईकर्मियों की पिटाई से भड़के नगरकर्मी

**फूलपुर में झाड़ू लेकर कोतवाली पहुंचे, कार्रवाई न होने पर हड़ताल की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, नगर पंचायत फूलपुर क्षेत्र में दो सफाईकर्मियों पर हुए हमले के विरोध में नगर पंचायत के दर्जनों सफाईकर्मी और अन्य कर्मचारी एकजुट होकर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। मामला पूरा अच्छई मोहल्ले का है। दो दिन पहले सफाईकर्मी चांद ड्यूटी पर गया था। आरोप है कि मोहल्ले के ही एक युवक ने किसी बात पर नाराज होकर उसकी पिटाई कर दी। इससे चांद के पैर में चोट आ गई। घटना के दो दिन बाद उसी मोहल्ले में सफाई करने पहुंचे पप्पू के साथ भी मारपीट हुई। पप्पू का आरोप है कि उसी युवक ने पहले उसे डराया-धमकाया। फिर जलेबी व पकौड़ी लाने को मजबूर किया। जब जलेबी की मोटाई को लेकर कहा-सुनी हुई, तो युवक ने उसकी भी पिटाई कर दी। इसके अलावा नगर के एंबुलेंस वाहन पर भी हाल ही में किसी युवक द्वारा पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। इससे कर्मचारियों में और भी नाराजगी फैल गई है। इन घटनाओं से आक्रोशित सफाईकर्मी व नगर पंचायत कर्मचारी एकत्र होकर जुलूस की शक्ल में कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। इससे नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है और जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कंपोजिट विद्यालय रुसिया में आयोजित हुआ विशाल स्वास्थ्य शिविर

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम रुसिया मजरा ग्राम पंचायत डिघरुवा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संपन्न हुआ ग्राम प्रधान संजय सिंह उमराव की अगुवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अध्यक्ष डॉक्टर पुष्कर कटियार के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव के कंपोजिट विद्यालय पहुंची विद्यालय पहुंचे चिकित्सकों ने विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया विद्यालय परिसर में लगे विशाल स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे ग्रामीण पुरुष महिला एवं बुजुर्ग लोगों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया डॉक्टर पुष्कर कटियार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कंपोजिट विद्यालय रुसिया में लगे स्वास्थ्य शिविर अंतर्गत 73 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें आयुष्मान कार्ड के भी 38 मरीजों का उपचार करते हुए सभी को निशुल्क दवाएं वितरित की गई इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमल किशोर शिक्षक कुलदीप कुमार शिप्रा सिंह स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप डॉक्टर आशीष डॉक्टर राजेश फार्मासिस्ट गिरीश चंद्र लैब टेक्नीशियन अंकित कुमार आयुष्मान आरोग्य मित्र बृजेंद्र कुमार एएनएम अर्चना देवी संध्या देवी समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद है आए हुए सभी ग्रामीण मरीजों समेत चिकित्सकों का विशाल शिविर के आयोजक ग्राम प्रधान संजय सिंह उमराव ने सादर आभार व्यक्त किया

# पतंग उड़ाते वक्त हादसा



**ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने से 9 साल का बच्चा झुलसा, दिल्ली रेफर**

अमन लेखनी समाचार

जेवर, दनकौर के सरकारी अस्पताल के पास एक खुले ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने की घटना सामने आई है। बड़ा मोहल्ला निवासी संजीव का 9 वर्षीय बेटा कृष शाम पतंग उड़ा रहा था। पतंग ट्रांसफॉर्मर के पास जाने पर उसे लेने गया बच्चा करंट की चपेट में आ गया। घायल बच्चे को पहले ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। पीड़ित के मामा प्रिंस ने बताया कि हादसे में बच्चे का एक हाथ बुरी तरह प्रभावित हुआ है। परिवार का आरोप है कि यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। विभाग ने ट्रांसफॉर्मर को खुले में रखा है और उसकी लोहे की जाली भी खराब स्थिति में है। परिजनों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत करने की बात कही है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस एनकाउंटर में बदमाश गिरफ्तार

**पैर में लगी गोली, एनसीआर में करता था चैन स्नैचिंग; चोरी की बाइक और तमंचा बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, टीला मोड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गुड्डू उर्फ शादाब पुत्र शेख अफसर के रूप में हुई है। वह बिजनौर के नांगली गांव का रहने वाला है और दिल्ली के खजूरी खास में किराए के घर में रह रहा था। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि शादाब गैंग बनाकर दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में महिलाओं से चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। शादाब पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी हो चुकी है और पुलिस ने मौके से चोरी की एक बाइक, तमंचा बरामद किया है। पुलिस भोपुरा रोड के पास ओक्सी होम सोसाइटी के सामने चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार पुलिस को देखकर कच्चे रास्ते से कुटी के जंगल की ओर भागा। पुलिस ने पीछा किया। आरोपी बाइक से फिसलकर गिर गया, जिसके बाद तमंचे से पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शादाब के पैर में गोली लगी।

उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से एक तमंचा और दिल्ली के हर्ष विहार थाना क्षेत्र से चोरी की गई बाइक बरामद हुई है। इस बाइक को 10 जुलाई को चोरी किया था। गाजियाबाद के टीला मोड़ थाने से गैंगस्टर में फरार चल रहा था। पूछताछ में शादाब ने बताया कि वह अपने साथी लकी उर्फ लक्की वर्मा के साथ मिलकर एनसीआर क्षेत्र (दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद) में महिलाओं से चैन स्नैचिंग करता था। ये लोग चोरी की बाइक का इस्तेमाल करते थे। दोनों आरोपी पहले भी जेल जा चुके हैं। लकी वर्मा फिलहाल डासना जेल में बंद है, जिस पर गैंगस्टर एक्ट लग चुका है। गुड्डू उर्फ शादाब पर गाजियाबाद और नोएडा में महिलाओं से लूटपाट के कई मामले दर्ज हैं।

# हरिद्वार से बागपत तक 140 किमी दौड़कर लाया गंगाजल



**युवक स्पर्श राठी ने 15 घंटे में तय की दूरी, शिव मंदिर में किया जलाभिषेक**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, टीकरी कस्बे के युवक स्पर्श राठी ने अद्भुत श्रद्धा का परिचय दिया। उन्होंने हरिद्वार के हर की पौड़ी से गंगाजल लेकर लगातार दौड़ते हुए 140 किलोमीटर की दूरी तय की। स्पर्श ने यह यात्रा 15 घंटे 45 मिनट में पूरी की। टीकरी कस्बे पहुंचने पर स्पर्श ने शिव मंदिर पट्टी रतराना में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। स्थानीय लोगों ने डीजे के साथ जुलूस निकालकर उनका स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर समारोह का आयोजन किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि उपेंद्र राठी ने फूल मालाओं से उनका सम्मान किया। स्पर्श गांव के युवाओं को दौड़ की प्रशिक्षण देते हैं। वे युवाओं का मनोबल बढ़ाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का काम करते हैं। कार्यक्रम में विकास राठी, देवेंद्र राठी, हर्ष राठी, रमन राठी, बबलू राठी, सूरज, आशीष, कुन्नू और अनंत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़

**दोनों के पैर में लगी गोली, दिल्ली , नोएडा में राह चलते लोगों से करते है लूटपाट**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये लोग राह चलते लोगों से लूटपाट की घटना करते थे। दोनों पर करीब 30 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। ये दोनों मिलकर दिल्ली , नोएडा ओर अन्य स्थानों पर लूटपाट की घटना करते है। इनकी पहचान रविंद्र कसाना उर्फ बल्लू और पुनीत अरोड़ा हुई है थाना सेक्टर-113 पुलिस अपने क्षेत्र के निजी अस्पताल के पास चैकिंग कर रही थी। सामने से एक मोटरसाइकिल पर 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने बाइक को रूकने का इशारा किया। बाइक सवार व्यक्तियों ने बाइक मोड़ी और पुश्ता रोड पर भगाने का प्रयास करने लगे। पानी होने की वजह से बाइक फिसल गई। अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लेते हुए फायर किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान रविन्द्र कसाना उर्फ बल्लू और पुनीत अरोड़ा हुई है। दोनों की उम्र क्रमश 35 और 37 साल है। ये दोनों दिल्ली के बुराड़ी के रहने वाले है। इसमें रविंद्र पर 15 मुकदमे और पुनीत पर 13 मुकदमे दर्ज है। अधिकांश मामले दिल्ली के है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। इनके पास से तमंचा , 2 स्नैचिंग की गई पीली धातु की टूटी हुई चेन बरामद की गई है।

# जलभराव से आक्रोशित भाजपा नेता

**डीएम-नगर आयुक्त को मौके पर ले गए, कहा- कार्यालय में बैठकर नहीं सुलझेगी समस्या**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, बारिश के बाद जलभराव की समस्या को लेकर राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने डीएम डॉ वीके सिंह और नगर आयुक्त सौरभ सिंह गंगवार को मौके पर ले जाकर स्थिति का जायजा लिया। वाजपेई ने कहा कि कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होता। जिलाधिकारी वी के सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बुढ़ाना गेट, ईव्ज चौराहा, इंदिरा चौक और बच्चा पार्क सहित विभिन्न जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर रहकर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले आखिर नालों की सफाई क्यों नहीं हुई। शहर में 4-5 घंटे की बारिश में पूरे शहर में जल भराव हो गया। उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि नाला सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन धरातल पर स्थित बेहद चिंता जनक हैं। शहर में जलभराव की प्रमुख वजह नालों का ओवरफ्लो और ड्रेनेज सिस्टम की खामियां हैं। डीएम ने नगर निगम और संबंधित विभागों को सभी प्रभावित क्षेत्रों से तुरंत पानी निकासी के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम में सुधार और नालों की नियमित सफाई के आदेश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि शहर में प्रमुख नालों की सफाई तुरंत कराई जाए। इसे नालों में पानी का फ्लो बना रहेगा। यदि आदेश के बावजूद सफाई नहीं हुई तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की गई। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद कुलदीप राजेश वाल्मीकि ने बताया कि मानसून से पहले नाला सफाई का अभियान तो चलाया जाता है। लेकिन हकीकत में स्थिती कुछ हो रहा है। जिस वजह से बारिश होते ही शहर में जलभराव हो जाता है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। बारिश होती ही जलभराव जरूर होता है। शिवरात्रि पर भी कांवड़ियों को गंदे पानी में से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# छेड़छाड़ के आरोपी की तलाश में पुलिस की कार्रवाई

**परिजनों को हिरासत में लेने पर ग्रामीणों में रोष, एसएसपी से की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सरधना थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। देर शाम को एक छेड़छाड़ की घटना के बाद दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना के अनुसार, युवती जब किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता के परिवार ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और उसकी गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची तो वह वहां नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के भाई और दो महिला परिजनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। उनका कहना है कि महिलाओं को इस तरह घर से उठाना गैरकानूनी है। ग्रामीणों ने एसएसपी मेरठ से फोन पर संपर्क कर पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# प्रभारी मंत्री ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की

**परिजनों ने गन लाइसेंस और आर्थिक मदद मांगी, मोबाइल विवाद में हुई थी युवक की हत्या**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, दस दिन पहले मोबाइल विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक अरविंद कश्यप थाना मदनापुर के प्रतापपुर गहवरा के निवासी थे। घटना उस समय हुई जब अरविंद अपना मोबाइल देख रहे थे। गांव के रहने वाले सरवन सिंह के बेटे ने अरविंद से मोबाइल मांगा। छीना-झपटी में मोबाइल गिरकर टूट गया। अरविंद ने बच्चे को भगाया तो बच्चे ने पिता से पीटने का आरोप लगा दिया। इसके बाद सरवन ने अरविंद को घर के बाहर बुलाकर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद लापरवाही के कारण एसपी ने अपराध निरीक्षक को लाइन हाजिर किया था। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप देर रात शाहजहांपुर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से बैठक करने के बाद एसपी राजेश द्विवेदी के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मंत्री ने परिवार से घटनाक्रम की जानकारी ली। परिवार ने सुरक्षा के लिए असलाह लाइसेंस और आर्थिक सहायता की मांग की। परिजनों ने बताया कि अरविंद उनका सहारा था और अब परिवार पर बहुत जिम्मेदारियां हैं। प्रभारी मंत्री ने उनकी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पहले सपा प्रतिनिधिमंडल भी परिवार से मुलाकात कर चुका है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया था। प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने मुख्य आरोपी सरवन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

# 26 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स-स्टेडियम का जीर्णोद्धार

**प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया निरीक्षण, समय पर काम पूरा करने का निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, हथौड़ा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण 26 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों के साथ स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। स्टेडियम का निर्माण उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम और उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। मंत्री ने निमार्णाधीन तरणताल (स्विमिंग पूल) का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने बहुउद्देशीय क्रिया हॉल का भी जायजा लिया, जहां मुख्य रूप से बैडमिंटन खेला जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बैडमिंटन हॉल की दीवारों पर लगी ओपन वायरिंग को अंडरग्राउंड करने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉल के अंदर पुट्टी का प्रयोग करके दोबारा रंगाई करवाने के भी आदेश दिए। मंत्री ने पार्किंग और 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक का भी निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता ने तरणताल और सिंथेटिक ट्रैक को मई 2026 तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने मुख्य भवन पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने और स्टेडियम के चारों ओर ट्री गार्ड के साथ पौधरोपण करने के निर्देश दिए। स्पोर्ट्स स्टेडियम में इंडोर कबड्डी हॉल,



वॉलीबॉल कोर्ट, सिंथेटिक कोर्ट, बाउंड्री वॉल की मरम्मत, सीसीटीवी, आंतरिक रोड इंटरलॉकिंग और खिलाड़ियों के लिए आरओ पेयजल की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्री ने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## समाजवादी नेताओं ने किया नारी सम्मान और सामाजिक न्याय पर जोर

अमन लेखनी समाचार





मोहनलालगंज/ मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोसाईं गंज ब्लॉक स्थित ग्राम सभा लक्ष्मणपुर मजरा अनैया खरगापुर में शुक्रवार को साधन सहकारी समिति लिमिटेड के प्रांगण में वीरांगना पूर्व सांसद श्रीमती फूलन देवी जी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कुमार निषाद ने की, जबकि आयोजन की कमान जोन प्रभारी दिनेश यादव, राम लाल रावत, मो. कयूम एवं ब्रजेश लाला रावत ने संभाली।

सभा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शामिल हुए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में एक साथ मनाए जा रहे शहादत दिवस के अंतर्गत इस सभा को संबोधित किया। पुष्कर जी ने फूलन देवी के जीवन संघर्ष, उनके साथ हुए अमानवीय व्यवहार तथा उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के लिए किए गए संघर्षों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार जेल में रहते हुए भी भाजपा सरकार ने उनके साथ नीच कृत्य किए, फिर भी उन्होंने सब कुछ सहते हुए महिलाओं और पिछड़े वर्गों की आवाज बनने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि नेता जी स्व. मुलायम सिंह यादव ने ऐसे कठिन हालात में फूलन देवी को संसद तक पहुंचाकर उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत में सम्मान दिलाया। पुष्कर जी ने जनता से अपील की कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएं, जिससे सामाजिक न्याय की आवाज और मजबूत हो।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि फूलन देवी के साथ हुआ अन्याय उस समय की व्यवस्था का शर्मनाक चेहरा था, जिसे उन्होंने अपनी संघर्षशीलता से चुनौती दी। समाजवादी पार्टी ने हमेशा से महिलाओं और वंचित वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया है। इस श्रद्धांजलि सभा में कई प्रमुख नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाग लिया जिनमें विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, भरत यादव, मया राम वर्मा, संतोष रावत, राम किशोर रावत, मनोज पासवान, सूरज प्रधान, गजराज रावत, अशर्फी लाल धीमान, राम समुझ रावत, सुशील कुमार वर्मा, मो. हनीफ, प्रमोद कश्यप, सुरेश कश्यप, राम प्रताप रावत, अर्चना रावत, अंबुज वर्मा, आशीष सिंह, विजय यादव, बरजोर सिंह यादव, ओमकार लोधी, जब्बार हुसैन, आनंद पासवान, लतीफ फारूकी, राम गुलाम धीमान, राजेश कुमार धीमान, पवन कुमार धीमान, राज कुमार कश्यप, राम नरेश कश्यप, शिव कुमार कश्यप, रामेश्वर कश्यप, राज बहादुर निषाद, सुखमी लाल कश्यप, दिनेश यादव, अरिमर्दन रावत, त्रिभुवन भारती, संतोष यादव, सन्त राम रावत, हरी शंकर रावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से नारी सम्मान, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों की आवाज को फिर से बुलंद करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में फूलन देवी जी के विचारों और उनके संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

# अरुणोदय संस्थान द्वारा शिक्षा के अधिकार विषयक एक कार्यशाला का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जैस पैराडाइज होटल में अरुणोदय संस्थान के तत्वाधान में शिक्षा के अधिकार विषयक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमे कार्यक्रम का प्रारम्भ वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल, सदर विधायक प्रतिनिधि रोहित शर्मा संस्थान के अध्यक्ष राजाभैया सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । तत्पश्चात चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविधालय के संगीत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष लल्लू राम शुक्ल के समूह के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना की गई फिर कार्यशाला के प्रथम सत्र में मृदुला सीमोन ने कहा कि बच्चे की प्रथम पाठशाला उसका घर और परिवेश होता है तथा उसकी प्रथम शिक्षिका उसकी मां होती है देवीचरण दास ने मां के विषय में बात करते हुए कहा कि मां तो गर्भकाल से ही पुत्र को संस्कार देना प्रारंभ कर देती है इसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने कहा बच्चे का सच्चा मार्गदर्शक उसका परिवार होता है अरुणोदय संस्थान का यह प्रयास यह कार्यशाला निसंदेह सराहनीय है उसके बाद उन्होंने संस्थान के निदेशक अभिषेक मिश्रा को एक स्मृति प्रदान करके सम्मानित किया । इसी के साथ प्रथम सत्र का समापन द्वितीय सत्र में रामदत्त तिवारी अजय समाज द्वितीय सत्र में रामदत्त तिवारी अजय समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा वरिष्ठ साहित्यकार संतोष पटेरिया ने शिक्षा की स्थिति स्थिति पर अपने विचार प्रकट किया तृतीय और समापन सत्र में शिक्षा के प्रवेश में शिक्षक संस्थाओं की भूमिका अभिषेक अपने उद्बोधन के लिए जितेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि विद्यालय न केवल हमें शिक्षा देता है बल्कि शिक्षा के साथ संस्कार तथा समाजिक ज्ञान भी कराता है ग्रामोदय विश्वविधालय के पूर्व विभागाध्यक्ष लल्लूराम शुक्ला ने बताया कि अरुणोदय संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया ऐसे संस्थान हमेशा ही प्रेरणादायक रहे है, तत्पश्चात संस्थान के अध्यक्ष राजा भैया सिंह ने कहा कि सभी अतिथियों की उपस्थिति से हम गौरवान्वित है आगे भी सभी का मार्गदर्शन ऐसे ही मिलता रहे इसके बाद संस्थान के संस्थापक ने संस्थान के निदेशक सहित समस्त कार्यकताओं को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कार्यशाला का समापन किया कार्यक्रम में सियाराम मिश्र पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर प्रतीक मिश्रा सहित समस्त स्टाफ संस्थान से रिजवाना संजय श्रीवास्तव ,प्रदीप दिहुलिया, शैलेन्द्र सिंह, सीमा राजपूत ,वृन्दावन राजू तिवारी जयेंद्र पटेल दिग्विजय रेखा रामलखन ज्योति मलखान भुवनेश पाठक शिवशंकर साहित लगभग 200 किसानो, समाजसेवियों तथा अभिभावकों ने प्रतिभाग किया

### मंदिर के सेवक द्वारा मोबाइल एसेसरीज व गिफ्ट पैक दुकान में चोरी करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनी नगर में गुरुवार को एक मंदिर के सेवक द्वारा मोबाइल एसेसरीज व गिफ्ट पैक दुकान में चोरी करने का मामला सामने आया है। दुकान मालिक ने आरोपी के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा स्थित सत्यलोक कॉलोनी निवासी शिवांशु कुमार के मुताबिक उसकी बदाली खेड़ा में मोबाइल एसेसरीज एण्ड गिफ्ट पैक की दुकान है। शिवांशु का कहना है कि गुरुवार को पास के ही मंदिर पर रहने वाले पुजारी का सेवक उसकी दुकान पर पहुंचा और कुछ सामान खरीदने के बहाने सेंट, परफ्यूम और सेल्फी स्टैंड चोरी कर ले भागा । दुकान मालिक शिवांशु की नजर पड़ी तो उसने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया और सारा सामान उसके पास से बरामद कर लिया। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि आरोपी द्वारा सामान चोरी किए जाने की सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग उसके पास है। बाद में पीड़ित दुकानदार शिवांशु कुमार ने सरोजनी नगर थाने में मामले की तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# जालसाजों ने ईंट खरीदने का झांसा देकर हजारों रुपए की रकम ठगी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में बीते दिनों जालसाजों ने ईंट भट्ठा के मैनेजर को ईंट खरीदने का झांसा देकर उससे हजारों रुपए की रकम ठग ली। पीड़ित को जब खुद के साथ धोखाधड़ी होने की भनक लगी तो उसने साइबर हेल्पलाइन के अलावा बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के बनी स्थित मुस्कान सिटी में रहने वाले अमीश कांत वर्मा के मुताबिक वह पास के ही एक ईंट भट्ठे में मैनेजर हैं। अमीश कांत का कहना है कि बीते 19 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति ने 9121187312 मोबाइल से कॉल की। कॉल करने वाले ने ईंट भिजवाने को कहा। उसके कहने पर अमीश कांत ने ईंट भिजवा दिए। अमीश कांत का कहना है कि ईंट के भुगतान के लिए अज्ञात व्यक्ति ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा बंथरा के खाते से जुड़े मेरे मोबाइल पर गूगल पे व फोन पे से 1 रुपया ट्रांसफर कर मेरे गूगल पे पर क्यू आर कोड भेज दिया। जिसके स्कैन करते ही मेरे पैसे कटने शुरू हो गए। इस पर कॉल करने वाले ने उक्त पैसे वापस करने का आश्वासन दिया। पीड़ित का कहना है कि जब मेरे अकाउंट से पैसे ट्रांसफर होने रुक गए तो मैने उन्नाव जिले के सोहरामऊ स्थित पीएनबी बैंक के अपने खाते से उक्त व्यक्ति के साथी के मोबाइल 8084905721, 8273624219 और 7453946298 से भेजे गए कई क्यूआर कोड को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कहने पर स्कैन किया। जब लगातार दोनों बैंकों के खाते से ऑनलाइन 89,999 रुपये कट गए। तब मुझे ऑनलाइन धोखाधड़ी की भनक लगी। इसके बाद साइबर हेल्पलाइन 1930 पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद साइबर ठगों के खाते में मेरे 71,000 रुपये होल्ड हो गए। इसके बाद पीड़ित ने बंथरा थाने में इसकी शिकायत की। फिलहाल बंथरा पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से उक्त अज्ञात मोबाइल नंबरों के आधार पर जालसाजों का सुराग लगाना शुरू कर दिया है।

# डॉक्टर अस्पताल में समय से उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायेः डीएम

### समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



महोबा ।जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्साधीक्षक को निर्देश दिए कि अस्पताल के मुख्य द्वार के दोनों तरफ अवैध रूप से लगाई गई दुकानें /गुमटियों को हटाने और आकस्मिक विभाग एवं ओपीडी की खिड़कियों में जाली लगवाने के निर्देश दिए गये। आकस्मिक विभाग में स्थापित वाटर कूलर के जल निकासी को ठीक कराने, आकस्मिक वार्ड एवं ड्रेसिंग रूम की डस्टबिन में पोलीथीन लगाकर बेस्ट डालने के एवं डस्टबिनो को नियमित रूप से साफ करने के निर्देश दिए। जन औषधि केन्द्र में समस्त दवाइयों की सूची की लाइन लिस्ट उपलब्ध कराने, लेबर रूम में साफ सुथरी चादरें बिछाने के लिए निर्देशित किया गया ।ओपीडी एवं लेबर रूम के कमरों में रोशनी और बढ़ाने, लेबर रूम में लटके हुए बिजली के तारों को विधिवत फिटिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शौचालयों एवं अस्पताल में साफ सफाई मानक अनुरूप की जाए। लेबर रूम के सभी बेड साइड लॉकर चेंज किए जाए। पीएनसी बार्ड में निकली हुई टाइल्स को तुरन्त लगवाया जाये ।लेबर रूम के गेट पर नोटिस लगाया जाये कि कोई भी व्यक्ति स्टाफ के अलावा अन्दर न जाये एवं लेबर रूम में स्लीपर पहनकर अन्दर जाये। लेबर रूम फॉमेर्सी में साफ सफाई कराने, पंजीकरण कक्ष के टीन शेड पर हवा के लिए पंखा की व्यवस्था करने एवं अस्पताल के चारों तरफ एवं मुख्य द्वार से बारिश का अधिक पानी आने के कारण जल भराव को रोकने के लिए मैदान के फर्श को ऊंचा करने के निर्देश दिये। कैम्पस में अक्रियाशील खड़ी हुई 108 एम्बुलेंस को कैम्पस से हटाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल के स्टाफ के बारे में भी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी डॉक्टर अस्पताल में समय से उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने अस्पताल में गंदगी पाई जाने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाते हुए कहा कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए तथा वार्डों में रखें डस्टबिन को पॉलिथीन से कवर करने के लिए निर्देशित किया गया। अस्पताल में प्रकाश व्यवस्था सही न मिलने पर उन्होंने अस्पताल में उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर सीएससी केंद्र पर जन औषधि दवाइयां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। हेल्थ एटीएम की जानकारी ली गई, जिस पर चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि हेल्थ एटीएम की सुविधा मरीजो को दी जा रही है वार्ड में बेडशीट गन्दी मिलने मिलने पर बेडशीट बदलने के लिए निर्देशित किया गया तथा वार्ड में खुले तार पाए जाने पर बिजली तारों की फिटिंग करने के निर्देश दिए और उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से अस्पताल से मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं के बारे में जानकारी ली। खिड़कियों के शीशे टूटे पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जाली लगवाने के निर्देशित किया गया और कहा कि गर्भवती महिलाएं की नियमित रूप से जांच की जाए तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान जिलाधिकारी नें मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आसाराम मौजूद रहे।

### कजली मेले में दुकाने लगाने के लिए 31 जुलाई तक जमा किए जाएंगे आवेदन पत्र

अमन लेखनी समाचार

महोबा ।संरक्षण विकास समिति महोबा के तत्वाधान में कीरत सागर के तट पर 10 से 24 अगस्त तक विगत वर्षों की भांति ऐतिहासिक कजली महोत्सव आयोजित किया जाना प्रस्तावित है ।उक्त मेले में दुकाने लगाने हेतु इच्छुक व्यक्ति उक्त हेतु आवेदन कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, विकास भवन से 28 से 30 जुलाई तक प्रातः 10 बजे से शांय 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। मेले हेतु निर्धारित ब्लाक ए एवं बी हेतु निर्धारित शुल्क 8 हजार व ब्लाक सी एवं डी हेतु शुल्क 7 हजार है। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क सहित अन्तिम तिथि 31 जुलाई शांय 5 तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में जमा किये जायेंगे इसके उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। उक्त दुकानों के आवंटन हेतु लाटरी आगामी 1 अगस्त को समय 11 बजे से अन्तिम दुकान आवंटन होने तक स्थान कलेक्ट्रेट सभागार में की जायेगी

# प्रेस क्लब की मानसून सत्र की बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



महोबा। प्रेस क्लब की मानसूत्र सत्र की बैठक का भव्य आयोजन मुख्यालय के प्राचीन ऐतिहासिक श्री कंठेश्वर मन्दिर परिसर में किया गया ह्न बैठक में पत्रकारों के हित से जुडे विभिन्न मुद्दों सहित पत्रकारों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि सदर विधायक राकेश गोस्वामी, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, एसडीएम शिवध्यान पांडेय व तहसीलदार ने सर्वप्रथम कंठेश्वर महादेव के दर्शन कर शिवजी का गंगाजल से जलाभिषेक कर पुष्प माला अर्पित कर आशीर्वाद लिया। प्रत्येक वर्ष की भांति शुक्रवार को प्रेस क्लब की मानसून सत्र की बैठक का आयोजन प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यालय के कंठेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में किया गया। सर्वप्रथम सभी पत्रकार साथियों ने कंठेश्वर मन्दिर में पहुंच कर शिवजी का जलाभिषेक कर पुष्प अर्पित किये। तत्पश्चात बैठक के शुभारम्भ में जनपद की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। जिनका निदान किस प्रकार तथा किस माध्यम से कराया जाये इस पर सभी पत्रकार साथियों ने अपने अपने विचार रखे। साथ ही जनप्रतिनिधियों के सामने उन समस्याओं को गम्भीरता से उठाने की बात कही गई। इसके बाद पत्रकार की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें पत्रकार साथियों ने अपनी अपनी समस्याओं को आयोजित बैठक में रखा। जिसका निदान किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रेस क्लब कार्यालय के लिये जमीन आवंटित कराने को लेकर चर्चा की गई। आयोजित प्रेस क्लब की बैठक में निर्णय लिया गया कि बुन्देलखण्ड के ऐसे युवाओं को जो विभिन्न क्षेत्रों में आगे आकर देश के साथ साथ बुन्देलखण्ड का नाम रोशन कर रहे है एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उन सभी प्रतिभाशालियों को सम्मानित किया जायेगा। इसकी रुपरेक्षा तैयार करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में राजू पाटकार, विनीत त्रिवेदी, रमाकान्त आदि ने अपनी सुरीली आवाज से बैठक में समा बांधा। इस दौरान रामदत्त तिवारी, अवधेश दुबे, राजेश चतुवेर्दी, ए के त्रिपाठी, अशोक बाजपेई, नईम अंसारी, नईमुर्रहमान, गोरेलाल कुशवाहा, कैलाश तिवारी, अनुज शर्मा, सुमित तिवारी, सौरभ गुप्ता, आनन्द तिवारी, अखिलेश चन्सौरिया, धीरेन्द्र सिंह चौहान, मानवेन्द्र सिंह राठौड़, बिहारीलाल गाडगे, तारा पाटकार, बीडी बंसल, उमाशंकर कुशवाहा, आशीष अवस्थी, आशाराम शर्मा, बालादीन, छोटू, केजी सिंह, राकेश, यशवन्त गिरि, इखलाख अहमद, रामकुमार सहित समस्त जनपद के पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# पंचायत एडवांसमेंट सूचकांक पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



महोबा। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत पंचायत एडवांसमेंट सूचकांक 2.0 एवं ग्राम पंचायत विकास योजना पर आधारित जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति सदस्यों. अधिकारी के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा द्वीप प्रज्वलित एवं वृक्षारोपण कर किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं की निगरानी एवं पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य की प्राप्ति का आंकलन करने हेतु पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 के ग्रेडिंग के माध्यम से किया जायेगा। जनपद की समस्त ग्राम पंचायते बेहतर तरीके से इसके डाटा को अपलोड करें जिससे जनपद की ग्रेडिंग अच्छी हो सके। उन्होने बताया कि ग्रेडिंग के आधार पर ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु योग्य हो पायेंगे। पुरस्कार 9 थीम पर आधारित है। पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के माध्यम से पंचायत की ग्रेडिंग केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारें अब इसी के आधार पर पुरस्कार देंगी। अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने बताया कि वर्ष 2030 तक सततविकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए भारत सरकार संकल्पित हैं लेकिन पंचायतों के समग्र विकास के बिना भारत का विकास सम्भव नहीं है। एलएसडीजी की प्रगति को मापता है और एन०आई०एफ० के संकेतकों का उपयोग करके उनका रैंकिंग करता है। जिलाधिकारी नें सभी आधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि अच्छे तरीके से प्रशिक्षण लें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारिओं को भी प्रशिक्षित करें। प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें- डीएम

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा एलर्ट जारी किया गया है कि 26 एवं 27 जुलाई को भारी वर्षा होने एवं आंधी तूफान के साथ वज्रपात होने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे , पेड़ के नीचे ,टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तन, नहाने या कपड़े न धुलें।

# बिना केमिकल शुद्ध पानी बनाने वाला मॉडल पेश कर छात्र ने जीता 'इंस्पायर इंडिया अवॉर्ड'.....

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के हरिकिशगढ़ी में स्थित इंडस इंटरनेशनल एकेडमी के कक्षा 10 वीं के छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने नवाचारी मॉडल से सबका ध्यान खींचा राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में आयोजित 'इंस्पायर इंडिया अवॉर्ड' कार्यक्रम के अंतर्गत आदित्य ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जो बिना किसी केमिकल और बिजली के दूषित पानी को पीने योग्य साफ पानी में बदल देता है। उनके इस अभिनव प्रयोग को सराहा गया और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शैलजा छिकारा ने इस मॉडल की सराहना करते हुए कहा, ₹साफ पानी हर इंसान की मूलभूत आवश्यकता है, परंतु डब्लू ओ एच के अनुसार, आज भी दो अरब से अधिक लोगों को प्रतिदिन स्वच्छ पीने का पानी नहीं मिल पाता ऐसे नवाचार न केवल समाज के लिए उपयोगी हैं, बल्कि छात्रों की वैज्ञानिक सोच को भी प्रोत्साहित करते हैं आदित्य द्वारा तैयार इस मॉडल में एक पारदर्शी पानी की बोतल और मल्टी-लेयर फि ल्ट्रेशन सिस्टम का उपयोग किया गया है, जो बोतल के भीतर एक स्ट्रॉ के माध्यम से काम करता है उपयोगकर्ता जैसे ही स्ट्रॉ से पानी पीता है, पानी कई स्तरों से फि ल्टर होकर ऊपर आता है, जिससे वह बिना किसी रसायन या बिजली के, स्वच्छ और पीने योग्य बन जाता है। कॉलेज के चेयरमैन अतुल श्रीवास्तव ने बताया, ₹यह मॉडल न केवल किफायती और सरल है, बल्कि उन क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी है जहां स्वच्छ पानी की पहुंच नहीं है। इस तरह के नवाचार छात्रों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की क्षमता रखते हैं ।इस आयोजन में कक्षा 12वीं के छात्र गोल्डी यादव और विक्रमादित्य त्रिपाठी ने भी रसायन विज्ञान शिक्षक वैभव तिवारी के मार्गदर्शन में अपने मॉडल प्रस्तुत किए और सराहना अर्जित की ।विद्यालय द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या डॉ. शैलजा छिकारा ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व सम्मान चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# बिजली की आवाजाही से लोग परेशान

### अवैध अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ताओं की चैन की नींदे हराम

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ ।सरोजनी नगर में इस समय विद्युत व्यवस्था के हाल बहुत बुरे हैं। बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं। अवैध अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ता जहां रात में चैन की नींद नहीं सो पा रहे, वहीं दिन में भी पानी की किल्लत और बिजली से होने वाले छोटे-मोटे काम नहीं हो पा रहे हैं। गुरुवार रात सरोजनी नगर के नादरगंज पावर हाउस से जुड़े गांव मोहल्ले और कॉलोनी के लोग चैन की नींद नहीं सो सके। ज्यादातर कॉलोनी और मोहल्ले में रात भर बिजली की आवाजाही लगी रही। हालाकि विद्युत विभाग जरूर बड़े-बड़े दावे करता है। बिजली समस्या को लेकर शासन के लोग भी काफी परेशान हैं। आए दिन वह विद्युत अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें सख्त हिदायत दे रहे हैं कि आम जनता को बिजली की समस्या से न जूझना पड़े। लेकिन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उनकी बातों पर जरा सा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही वजह है कि राजधानी में बिजली की व्यवस्था नहीं सुधर पा रही है। गुरुवार रात सरोजनी नगर के नादरगंज पावर हाउस से जुड़े गिंदनखेड़ा, बेहटवा, अनौरा, अमौसी, हिंदू खेड़ा, गंगानगर, गौरी, सरोजनी नगर और गौरी विहार के अलावा चिल्लावां, आजाद नगर, अवध विहार, बदाली खेड़ा आदि जगहों पर पूरी रात बिजली की आवाजाही बनी रही। आलम यह रहा कि 15 मिनट बिजली आती और उसके बाद फिर 10 मिनट के लिए गायब। आधा घंटे आती तो 20 -25 मिनट के लिए फिर लापता ।यह हाल पूरी रात भर इन कॉलोनी मोहल्लों का रहा। इतना ही नहीं यह आलम यहां पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। शुक्रवार सुबह से भी लगभग यही हालात बने हुए हैं। इसकी वजह से लोग रात भर कूलर पंखे ना चल पाने के कारण सो नहीं सके। वहीं दिन में भी बिजली की आवाजाही के कारण लोगों के छोटे-मोटे काम नहीं हो पा रहे हैं। इसी तरह बनी पावर हाउस से जुड़े हरौनी, लतीफ नगर, बेंती और रहीमनगर पड़ियाना आदि गांवों में भी बिजली समस्या को लेकर बुरे हाल हैं। यहां रोज दिन रात घंटों बिजली गायब रहना आम बात होकर रह गई है। इसके अलावा बिजनौर पावर हाउस से जुड़े चंद्रावल, नटकुर, बिजनौर, सीआरपीएफ कैंप के पास की सभी कॉलोनीयों में आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती है। इसकी वजह से उपभोक्ता काफी परेशान हैं।

**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस



**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस





**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग



**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

**ब**च्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।

**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।



**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले



**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
**-तृप्ति, रायपुर**

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
**-किंशुक, बिलासपुर**

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



**आ**ज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा, 'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

**ब**च्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *





**किताब**–रेवा, **लेखक**–प्रभात, **चित्र**–प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**–75 रुपए, **प्रकाशक**–एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद